उज्जैन
बुधवार
25
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-114
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



दीपिका कक्कड़ को फिर लिवर कैंसर होने का डर 13 एमएम का सिस्ट डिटेक्ट हुआ, बीते साल ऑपरेशन के बाद कैंसर फ्री हुई थीं

पेज- 8

## पीएम मोदी का 9 साल बाद इजराइल दौरा संसद को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली/तेल अवीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिन के इजराइल दौरे पर रवाना होंगे। यह उनकी बीते 9 साल में दूसरी इजराइल



यात्रा है। इससे पहले वे जुलाई 2017 में गए थे। बुधवार को राजधानी तेल अवीव पहुंचने के बाद पीएम मोदी नेतन्याहू के साथ प्राइवेट बातचीत करेंगे। मोदी आज इजराइल की संसद को भी संबोधित करेंगे। ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा वे भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। मोदी के इस दौरे पर भारत और इजराइल के हथियारों से जुड़ी डील पर बातचीत की संभावना है। इनमें ड्रोन और एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम शामिल हैं।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई।

## नॉर्वे के पूर्व पीएम ने आत्महत्या की कोशिश की, एपस्टीन फाइल में नाम आया था

**ओस्लो।** नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थोरब्योर्न जगलैंड को कथित तौर पर आत्महत्या की कोशिश के बाद अस्पताल



में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना पिछले हफ्ते हुई। कुछ खबरों में दावा किया गया कि नॉर्वेजियन एडिटर्स एसोसिएशन ने उनके वकील के साथ मिलकर इस मामले को सार्वजनिक न करने पर सहमति जताई थी। हालांकि कुछ मीडिया प्लेटफॉर्मस पर उनकी गंभीर हालत का हवाला देते हुए यह खबर सामने आई। यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है।

## सरकार ने 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया, अश्लील कंटेंट दिखाने पर एक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 5 ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर दिया है। जिन प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई हुई, उनमें मूडएक्सवीआईपी, कोयल प्लेप्रो, डिजी मूवीप्लेक्स, फील और जुगनू शामिल हैं। सरकार का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म पर अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया जा रहा था। यह कंटेंट आईटी एक्ट 2000, आईटी नियम 2021, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं को गलत तरीक से दिखाने से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करता पाया गया। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया है। पिछले साल जुलाई में यूएलएलयू-एएलटीटी समेत 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन किए गए थे। एएलटीटी एप अप्रैल 2017 में फिल्म और टीवी प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लॉन्च किया था।

### भविष्य की जंग की तैयारी, सुरक्षा का नया फॉर्मूला

# भारत बना रहा बेबी ब्रह्मोस

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने साफ कर दिया है कि भविष्य की जंग अब महीनों और सालों खिंचेगी। इस हकीकत को देख भारत भी तैयारी में जुट गया है। सेना का फोकस अब केवल महंगी मिसाइलों पर नहीं, बल्कि इनके मिनी मॉडल्स के बड़े भंडार पर है।

हाल ही में पिनाका रॉकेट सिस्टम के हवाई संस्करण के परीक्षण को इसी कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। दरअसल, ब्रह्मोस जैसी अचूक सटीकता और मारक क्षमता के कारण इसे बेबी ब्रह्मोस भी कहा जा रहा है।

हाल ही में सेना प्रमुख जनरल



उपेन्द्र द्विवेदी ने इस बदलाव को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर हमारे पास किफायती लेकिन उच्च तकनीक वाले हथियार होंगे, तो हम लंबी जंग (हाइ डेंसिटी वार) में किसी भी बड़े दुश्मन को पीछे धकेलने में सक्षम होंगे।

### रक्षा संबंधी कमेटी की रिपोर्ट- कम लागत में देश में बनें हथियार

संसद की रक्षा संबंधी स्थायी समिति ने भी अपनी हालिया रिपोर्ट में इस रणनीति पर सकारात्मक रुख दिखाया है। समिति ने जोर दिया है कि भीषण और लंबे युद्ध की स्थिति में भारत को ऐसे हथियारों की जरूरत है जो बड़े पैमाने पर और कम लागत में देश के भीतर ही बनाए जा सकें। इसी नीति के तहत बजट में आवंटित राशि का एक बड़ा हिस्सा स्वदेशी खरीद के लिए सुरक्षित रखा गया है ताकि युद्ध के समय विदेशी सप्लाई चेन पर निर्भर न रहना पड़े। इजरायल-हमास जंग में इजरायल को चंद हजार के रॉकेट गिराने के लिए 50 लाख की मिसाइलें खर्च करनी पड़ीं। यूक्रेन-सूडान में सस्ते ड्रोन्स ने करोड़ों के टैंकों को मलबे में बदल चौंका दिया।

## उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तीन दिन से बर्फबारी जारी

### मप्र के 20 जिलों में आंधी-बारिश, ओले भी गिरे राजस्थान में पारा 36 डिग्री, हीटवेव की चेतावनी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पंचाचूली समेत कई क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। यहां ऊंचाई वाले इलाकों में तीन दिन से बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 27 और 28 फरवरी से मौसम का मिजाज बदलेगा और पहाड़ी जिलों में बारिश होगी। मध्य प्रदेश में पिछले 2 दिन में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, बैतूल और सीहोर समेत 20 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी-बारिश का दौर रहा। कुछ में ओले भी गिरे। इस वजह से गेहूं-चने की फसलों पर असर पड़ा। मौसम विभाग ने बताया कि बुधवार को मौसम साफ रहेगा, लेकिन मार्च की शुरूआत में बारिश होने का अनुमान है। राजस्थान में गर्मी का सीजन शुरू हो गया और दिन का अधिकतम तापमान अब 36 डिग्री से ऊपर चला गया। बाड़मेर में मंगलवार को दिन का टेंपरेचर 36.3 डिग्री रहा। अधिकांश इलाकों में न्यूनतम-अधिकतम सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हो रहा है।

### पाकिस्तान में सुरक्षा चौकी पर आत्मघाती हमला

## 2 पुलिसकर्मी की मौत, एक दिन में अलग-अलग हमलों में 7 जानें गईं


**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में मंगलवार को अलग-अलग हमलों में 7 पुलिसकर्मियों की जान चली गई। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब प्रांत के भक्कर जिले में एक सुरक्षा चौकी पर आत्मघाती हमला हुआ।

पंजाब पुलिस प्रमुख अब्दुल करीम के मुताबिक इस हमले में 2 पुलिसकर्मी मारे गए। इस धमाके में 3 आम लोग भी घायल हुए, जिनमें पोलियो रोधी अभियान से जुड़े 2 स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। इसी दिन इससे पहले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट इलाके में उग्रवादियों ने एक पुलिस गाड़ी पर हमला किया। आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि इस हमले में 5 पुलिसकर्मी, जिनमें एक वरिष्ठ अधिकारी भी थे और 2 नागरिक मारे गए। कोहाट के जिला पुलिस अधिकारी शेहबाज इलाही ने बताया कि इस हमले में 3 अन्य लोग घायल भी हुए। पिछले एक हफ्ते में खैबर पख्तूनख्वा और दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में उग्रवादियों के खिलाफ झड़पों और सुरक्षा अभियानों के दौरान कम से कम 16 सुरक्षाकर्मी, जिनमें एक सीनियर सेना अधिकारी भी शामिल थे।

## हमने ईरान का न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम खत्म किया: ट्रम्प

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में अपने दूसरे कार्यकाल का दूसरा स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमेरिका ने पिछले साल ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर हमला कर उसका न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम पूरी तरह खत्म कर दिया।

ट्रम्प ने कहा कि वे पहले कूटनीति से समस्या सुलझाना चाहते थे, लेकिन ईरान ने यह वादा नहीं किया कि वह हथियार नहीं बनाएगा। ट्रम्प ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच हुए सीजफायर का भा जिक्र किया। उन्होंने इसे सफल डील बताया। इसके साथ ही वेनेजुएला को लेकर ट्रम्प ने कहा कि वह अब अमेरिका का नया दोस्त और साझेदार है। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने वेनेजुएला से 80 मिलियन बैरल तेल लिया है, जो बढ़ते हुए रिश्ते का संकेत है। अमेरिका में राष्ट्रपति हर साल जनवरी या फरवरी में कांग्रेस को एक संबोधित करते हैं, जिसे 'स्टेट ऑफ द यूनियन' कहा जाता है। स्टेट ऑफ द यूनियन के दिन संसद की प्रतिनिधि सभा और सीनेट के सदस्य हाउस चैंबर में इकट्ठा होते हैं।

**इजराइल-हमास में सीजफायर कराया, वेनेजुएला अब हमारा नया दोस्त**

# लाड़ली लक्ष्मियां ही योजना का पूरा लाभ नहीं उठा पा रही

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले के साथ ही पूरे मप्र में साल 2007 में शुरू की गई लाड़ली लक्ष्मी योजना को मॉडल मानकर कई राज्यों ने इसे अपनाया, लेकिन मध्य प्रदेश की लाड़ली लक्ष्मियां ही इस योजना का पूरा लाभ नहीं उठा पा रही हैं। साल 2007 में जिन 58 हजार 73 बच्चियों ने पंजीयन कराया था। कांग्रेस द्वारा विधानसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में खुलासा हुआ। योजना के तहत राज्य सरकार अलग-अलग शैक्षणिक स्तर के हिसाब से बच्चियों को कुल 1 लाख 43 हजार रुपए देती है, लेकिन सिर्फ 20 फीसदी छात्राएं ही ग्रेजुएशन के अंतिम साल तक पहुंच पा रही हैं। हालांकि विभागीय मंत्री ने कहा कि इसमें बढ़ोतरी हो रही है।

मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार ने 2007 में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की थी। योजना के तहत 1 जनवरी 2006 और इसके बाद जन्मी बच्चियों



का पंजीयन कराया गया। शर्त रखी गई कि माता-पिता दोनों मध्य प्रदेश के मूल निवासी हों, उनकी दो संतान हों और दो संतानों के बाद परिवार द्वारा नियोजन कराया गया हो। इसके साथ ही वे आयकरदाता न हों। इस योजना में पंजीयन कराने वाली बालिकाओं को कक्षा 6वीं, 9वीं, 11वीं और 12वीं में प्रवेश लेने पर सरकार स्कॉलरशिप देती है। कक्षा 12 वीं के बाद स्नातक में प्रवेश पर 25 हजार रुपए और 21 साल की आयु पूरी होने पर 1 लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान है। इसके लिए लाड़ली लक्ष्मी को वेबसाइट पर ग्रेजुएशन में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करना जरूरी है।

### सिर्फ 52.33 फीसदी बच्चियां ही 6वीं तक पढ़ाई पूरी कर सकी

जब योजना शुरू हुई, उस दौरान 2007 में 58 हजार 73 लाड़ली लक्ष्मियों का पंजीयन कराया गया। इनमें से सिर्फ 12 लाड़लियों को ही स्नातक अंतिम साल पूरा करने पर राशि उपलब्ध कराई जा सकी। कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने लिखित जवाब दिया है। इसमें बताया गया कि इस योजना में पंजीयन कराने वाले लाड़लियों में से सिर्फ 52.33 फीसदी बच्चियां ही 6वीं तक पढ़ाई पूरी कर सकी हैं। इनमें से सिर्फ 19.97 फीसदी बच्चियों ने 12 वीं कक्षा में एडमिशन लिया। लेकिन इसके आगे की पढ़ाई करने वाली लाड़िलयों की संख्या लगातार घटती गई। कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल कहते हैं कि स्नातक तक पहुंचने वाली लाड़ली लक्ष्मियों की संख्या सिर्फ 5.83 फीसदी और पोस्ट ग्रेजुएट तक सिर्फ 0.33 फीसदी बच्चियां ही पहुंच पाईं। बेटियों के उच्च शिक्षित होने की दशा में ये आंकड़े चिंताजनक हैं।



## खबर एक नजर...

### नातरा विवाद के चलते गेहूं की फसल में लगाई आग

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम देवीखेड़ा में रहने वाले शंकरलाल पिता लालजीराम गुर्जर 60 साल के खेत में लगी गेहूं की फसल में माकडोन के मोरखेड़ा में रहने वाले सुरेश पिता मांगीलाल गुर्जर आग लगा दी। करीब एक बीघा में लगी फसल जलकर खाक हो गई। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने सुरेश के खिलाफ धारा 326 (च), 324 (2) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि सुरेश गुर्जर के रिश्तेदार माखन की पत्नी ने नातरा कर लिया था। वह शंकरलाल के घर में आ गई थी। गुर्जर समाज में नातरा करने पर पैस का लेनदेन करना पड़ता है। सुरेश और शंकरलाल का इसी बात पर विवाद चला आ रह था। पुलिस ने खेत में आग लगाने वाले सुरेश को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है।

### घर से खेत की मेढ़ तक लगाये थे करंट के खुले तार

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम पाट में रहने वाले मयंक पिता जीवनलाल आंजना 21 साल की 2 जनवरी को मौत हो गई थी उसे करंट लगा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। डेढ़ माह चली जांच के बाद पुलिस ने भुवानसिंह के खिलाफ धारा 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया है। प्रधान आरक्षक सूरज यादव के अनुसार जांच में पता चला कि भुवानसिंह ने अपने घर से खेत की मेढ़ तक खुले बिजली के तार लापरवाही पूर्वक बिछा रखे थे, जिसमें करंट दौड़ रहा था। मयंक को मेढ़ से गुजरते समय करंट लगा था, जिसके चलते उसकी मौत हो गई थी।

### हिन्दू युवती के साथ उज्जैन आया था रेहान अली

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में हिन्दू युवतियों के साथ विधर्मियों का लगातार आना सामने आ रहा है। मंगलवार को बिहार का विधर्मी हिन्दू युवती के साथ उज्जैन आया था। जिसे हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा पकड़ा गया और पुलिस के सुपुर्द किया। बताया जा रहा है कि बिहार के सिवान का रहने वाला रेहान अली हिन्दू युवती के साथ उज्जैन पहुंचा था। उसे एक विधर्मी ने बताया कि एक साथ होटल में रूकोगें तो हिन्दू संगठन द्वारा पकड़ लिया जायेगा। रेहान ने देवासगेट क्षेत्र में होटल का कमरा बुक कराया और युवती को महाकाल क्षेत्र की होटल में ठहराया। लेकिन शाम मामले की जानकारी हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को मिल गई। इस बात की जानकारी रेहान को लगी तो रेहान और युवती दिल्ली जाने के लिये नानाखेड़ा बस स्टेंड पहुंच गये। जहां जयश्री कृष्णा बस में दोनों ने टिकट बुक करा ली। इस बीच हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता भी दोनों की जानकारी जुटाकर नानाखेड़ा बस स्टेंड पहुंच गये और रेहान अली को पकड़ लिया। मामले की जानकारी लगते ही नानाखेड़ा थाना पुलिस बस स्टेंड पहुंची और रेहान को पूछताछ के लिये थाने ले आई। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि दोनों से पूछताछ की जा रही है। मामले में जांच जारी है। दोनों एक-दूसरे को दोस्त होना बता रहे थे।

### सुपर प्लास्टिक स्टोर में लगी आग



**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित तात्या टोपे मार्ग पर मंगलवार शाम सुपर प्लास्टिक स्टोर में आग लग गई। धुआं उठता देख अफरा-तफरी मची। मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को मिली तो मौके पर पहुंची। आग पर कुछ देर में काबू पा लिया गया। आगजनी में बढ़ती जनहानि नहीं हुई। आग लगने की वजह सामने नहीं आ पाई है। माधवनगर थाना पुलिस का कहना था कि आगजनी की शिकायत दर्ज कराने देर शाम तक कोई थाने नहीं पहुंचा था।

# होली की सुन्दरता में निखार लाए प्राकृतिक गुलाल







ब्रह्मास्त्र ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

रंगो का त्योहार होली आपसी प्रेम व सद्भाव का पावन संदेश देता है पर इसकी सुन्दरता समाहित है सुरक्षा व सावधानी में। हमें कोशिश करना चाहिए कि होली के रंगों से किसी अपने की त्वचा खराब न हो, सिरदर्द, एलर्जी या अन्य शारीरिक पीडा न हो। सावधानी के साथ होली खेलने से इस त्योहार का रंग व मिठास गहरी होती है। प्रयास करें कि हर्बल गुलाल से सूखी होली खेली जाए। बाजार में अरारोट वाली हर्बल गुलाल उपलब्ध है किन्तु इसकी शुद्धता को लेकर संशय बना रहता है। शुद्ध हर्बल गुलाल तो घर पर ही तैयार की जा सकती है।

**रंगों के हिसाब से सामग्री-** सबसे पहले निश्चित करना होता है कि आप किस रंग की गुलाल बनाना चाह रहे हैं। नीचे कुछ प्राकृतिक सामग्री रंग के अनुसार बताई गई है :

**पीला रंग-** हल्दी
**हरा रंग-** मेंहदी
**गुलाबो रंग-** चुकंदर
**लाल रंग-** लाल चंदन , गुडहल
**नारंगी रंग-** गेंदा या टेसू के फूल
**बेस या आधार-** सभी रंग की गुलाल बनाने के लिए बेस अरारोट या बेसन या महीन पिसा हुआ आटा रहेगा।

**कैसे तैयार करें हर्बल गुलाल-** यदि पीली गुलाल बनाना है तो एक कप बारीक पिसी हुई हल्दी लेकर दो कप अरारोट या मैदा में अच्छे मिला लीजिए। चटक रंग के लिए हल्दी पाउडर की मात्रा थोडी ज्यादा भी की जा सकती है। इस मिश्रण को बारीक छन्नी से छान लें और पीली गुलाल तैयार।

यदि हरी गुलाल बनाना हो तो एक कप मेंहदी पाउडर और एक कप बेसन या कार्न फ्लोर लें और इसे मिक्सी में अच्छे से पीस लें फिर छानकर रख लें, हरे रंग की गुलेल तैयार है।

यदि लाल गुलाल तैयार करना है तो थोड़ी मेहनत करना होगी। चुकंदर को कद्दूकस या किसनी से पहले छोटे टुकड़े करें फिर पानी मे उबाल लें। इसे सुखा लें फिर मिक्सी मे बारीक पीस लें। इस पाउडर में थोड़ा सा लाल चंदन का पाउडर मिला लें और अब इस रंगीन पाउडर को दो कप बेसन या अरारोट मे मिला लीजिए, लाल हर्बल गुलाल तैयार। इसी तरह नारंगी गुलाल बनाने हेतु गेंदा के फूलों की पंखुड़ियों को धूप मे सूखाकर महीन पीस लें और फिर इसे बेसन में मिला लें, छन्नी से छानकर इसे तैयार रखें अपने प्रियजन के गाल पर लगाने के लिए।

**थोडे से प्रयास हमारे और होली सुरक्षित-** होली, प्रेम व सौहार्द का पारंपरिक त्योहार है। सुरक्षित ढंग से होली खेलना हमारा नैतिक दायित्व है। इसकी सुन्दरता और बढ़ जाती है जब हम इसे सावधानी के साथ हर्बल गुलाल से खेलें। अपनों की सुरक्षा और होली दोनो ही संभव है जब हम घर में हर्बल गुलाल बनाकर अपने प्रियजनों के चेहरे को रंगीन गुलाल से सजा दें।

**अंकिता चौहान, मक्सीरोड।**

### संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने स्कूल का निरीक्षण किया

# बच्चों से पूछा-बताओ इनमें बड़ी संख्या कौन सी है?, सही जवाब मिला तो पीठ थपथपाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने मंगलवार को शासकीय जीवाजीगंज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहन नगर परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों के बीच जमीन पर बैठकर उनकी पढ़ाई और गतिविधियों को समझा।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त सीधे कक्षा में पहुंचे और बच्चों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा खेल-खेल में पढ़ना सीखो जैसी गतिविधियों के बारे में पूछा। बालिका इशिता, जानवी और छात्र मोहित ने आयुक्त के सामने पाठ पढ़कर सुनाया, जिस पर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



**रिजल्ट शीट का निरीक्षण किया-** आयुक्त ने परिणाम आधारित शिक्षण पद्धति और प्रगति रिपोर्ट (रिजल्ट शीट) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और प्रत्येक छात्र की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बच्चों से बातचीत के दौरान आयुक्त ने संख्या ज्ञान से जुड़ा प्रश्न पूछा-बताओ इनमें बड़ी संख्या कौन सी है? बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ सही उत्तर दिया, जिस पर आयुक्त ने उनकी सराहना की और पीठ थपथपाई। विद्यालय निरीक्षण के बाद संभाग आयुक्त गांधीनगर वार्ड 6 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने चल रहे वैक्सीनेशन कार्य का भी जायजा लिया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

### निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर द्वारा शिक्षा को नई उड़ान

# 100 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति की घोषणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



एशिया की अग्रणी शिक्षण संस्थाओं में सम्मिलित निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने वाले गुरुजनों के सम्मान में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन उज्जैन में किया गया। इस अवसर पर निम्स यूनिवर्सिटी के सहायक निदेशक अतिंदरपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के लिए 100 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव किसी भी विद्यार्थी की शिक्षा में बाधा नहीं बनना चाहिए, इसी उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण पहल की गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि यह छात्रवृत्ति योजना केवल उज्जैन या मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के सभी राज्यों के विद्यार्थियों के लिए लागू होगी। जो विद्यार्थी वर्तमान में 12वीं कक्षा की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं तथा जिन्होंने 10वीं कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, वे इस छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फरवरी माह से निम्स यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर 15 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी निम्स यूनिवर्सिटी में संचालित विभिन्न आधुनिक, व्यावसायिक एवं उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे, जहां उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ इंडस्ट्री एक्सपोजर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### उज्जैन में 1000 बसों के थमेंगे पहिए: सुगम परिवहन योजना का विरोध

# 2 मार्च से प्रदेशभर में निजी बसों का संचालन बंद करने की घोषणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्राइम रूट बस ऑनर्स एसोसिएशन (मप्र) ने 2 मार्च 2026 से प्रदेशभर में निजी बसों का संचालन बंद करने की घोषणा की है। यह निर्णय 22 फरवरी को सागर में हुई एक बैठक में लिया गया। संगठन का आरोप है कि सरकार की नई स्टेज कैरिज नीति, लगातार जारी हो रहे राजपत्र और करों में वृद्धि से बस ऑपरेटरों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है।

एसोसिएशन ने 'सुगम परिवहन योजना' को भी अव्यावहारिक और बोझिल बताया है। उनका कहना है कि यह योजना निजी बस संचालकों के हितों के खिलाफ है और इससे उनका व्यवसाय संकट में पड़ जाएगा।



सागर में हुई बैठक में प्रदेशभर के बस ऑपरेटरों ने सर्वसम्मति से हड़ताल का फैसला किया। ऑपरेटरों ने आरोप लगाया कि लगातार नए राजपत्र जारी कर हर बार नए नियम लागू किए जा रहे हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश जटिया ने कहा कि 'सुगम परिवहन योजना' का नाम भले ही सहज लगे, लेकिन व्यवहार में यह निजी बस ऑपरेटरों और यात्रियों दोनों पर आर्थिक दबाव डालेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना के तहत बसों को लीज पर लेने और मौजूदा परमिट निरस्त करने जैसी बातें कही जा रही हैं, जो संचालकों के लिए अस्वीकार्य हैं।

इसी विरोध के चलते उज्जैन जिले में भी लगभग 1000 बसों के पहिए थमने की आशंका है। एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर आज कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन भी सौंपा है।

उज्जैन
बुधवार
25
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्वत्त्वं दक्षता शीलं सङ्क्रान्तिरनुशीलनम्।
शिक्षकस्य गुणाः सप्त सचेतस्त्वं प्रसन्नता ॥

**अर्थः** विद्वत्व, दक्षता, शील, संक्रांति, अनुशीलन, सचेतत्व, और प्रसन्नता ये सात शिक्षक के गुण हैं।

## खबर एक नजर...

### 2 मार्च को रोजगार मेला, 250 से ज्यादा पदों पर भर्ती

**इंदौर।** इंदौर में युवाओं को नौकरी देने के लिए 2 मार्च को रोजगार मेला लगाया जाएगा। इसमें कई कंपनियां शामिल होंगी और सैकड़ों पदों पर भर्ती करेंगी। इसमें 40 साल तक के लोग अप्लाई कर सकेंगे। दरअसल, सीएम डॉ.मोहन यादव की पहल पर युवाओं को रोजगार देने के लिए इंदौर जिले में युवा संगम प्रोग्राम रोजगार मेले लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अगला रोजगार मेला जिला प्रशासन और जिला रोजगार ऑफिस द्वारा 2 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के पास) पोलोग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। उप संचालक रोजगार पी.एस.मंडलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में युवाओं को करियर बनाने का सुनहरा मौका मिलेगा। साथ ही वे खुद का व्यापार शुरू करने के लिए भी विभिन्न योजनाओं में लोन प्रोसेस और जरूरी मार्गदर्शन ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि युवा संगम प्रोग्राम में कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे इनोफ्लेक्स, टोरस बीपीओ, तीसवा टेक्नोलॉजीज सर्विसेज, जस्ट डायल, शेफाली बिजनेस सोलूशन, मोजेक वाक्स्किल्ल प्राइवेट लिमिटेड आदि कंपनियों में 250 से ज्यादा खाली पदों की भरने के लिए मौजूद रहेंगी।

### एमआर-10 पर 3 करोड़ में बनेगा आधुनिक फायर स्टेशन

**इंदौर।** इंदौर शहर के तेजी से विस्तार और आगजनी की घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए नगर निगम ने एमआर-10 क्षेत्र में बड़ा फायर स्टेशन बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) से 40 हजार वर्गफीट से अधिक जमीन निगम को मिल गई है। प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर करीब 3 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, उज्जैन रोड, एमआर-10 और आसपास के कई क्षेत्रों में अब तक फायर स्टेशन नहीं होने से अन्य इलाकों से दमकलों को भेजना पड़ता था। ट्रैफिक जाम के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में देरी होती थी। इसी को देखते हुए लंबे समय से यहां जमीन की तलाश की जा रही थी। एमआर-10 पर पुराने टोल नाके के पास आईडीए की खाली जमीन चिन्हित की गई। निगम और प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच चर्चा के बाद यह जमीन फायर स्टेशन के लिए निगम को आवंटित कर दी गई है। यहां अत्याधुनिक फायर स्टेशन भवन के साथ बाउंड्रीवॉल, दमकल वाहनों की पार्किंग और कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर बनाए जाएंगे। योजना को अंतिम रूप देने के बाद टेंडर जारी किए जाएंगे।

### मॉकड्रिलः उपद्रवियों पर छोड़ी आंसू गैस, बैरिकेडिंग तोड़ी तो किया लाठीचार्ज

**इंदौर।** आगामी त्योहार होली, रंगपंचमी, ईद को लेकर मंगलवार को पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने डीआरपी लाइन में मॉक ड्रिल की। इस दौरान उपद्रवियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए तो बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने वाले उपद्रवियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस दौरान घायलों को मदद के लिए ले जाने की भी ट्रेनिंग दी गई। डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, एसीपी टीआई सहित विभाग के कई यूनिटों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। बलवा ड्रिल के दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने सभी को निर्देश भी दिए कि जो भी उपद्रवियों से निपट रहे हैं, वे अपने सुरक्षा संसाधन शरीर की कद-काठी के हिसाब से ही पहनें। ऐसा न हो की किसी का सिर बड़ा है तो वह छोटा हेलमेट होने से नहीं पहन रहा। चेस्ट गार्ड, लेग गार्ड शारीरिक काया के अनुरूप पहनने जरूरी हैं।

### ड्रेनेज और नर्मदा लाइन शिफ्टिंग के कारण पहले ही इसमें देरी हो चुकी

# बड़ा गणपति फ्लायओवर में मेट्रो स्टेशन का रोड़ा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



बड़ा गणपति चौराहे पर प्रस्तावित फ्लायओवर पर अब मेट्रो स्टेशन का अड़ंगा सामने आ रहा है। इससे फ्लायओवर निर्माण एक बार फिर अटक सकता है। इससे पहले ड्रेनेज और नर्मदा लाइन शिफ्टिंग के कारण पहले ही इसमें देरी हो चुकी है।

मेट्रो स्टेशन और फ्लायओवर का काम एक साथ चलने से काम की गति धीमी हो सकती है। ऐसे में सिंहस्थ से पहले फ्लायओवर का निर्माण पूरा होना मुश्किल लग रहा है। इधर, ड्रेनेज लाइन शिफ्टिंग के लिए आईडीए ने करीब 10 करोड़ रुपए का ठेका भी दे दिया है। वर्कऑर्डर भी हो चुका है और ठेकेदार काम शुरू करने के लिए तैयार है, लेकिन अब मेट्रो स्टेशन की योजना ने नया तकनीकी पेंच खड़ा कर दिया है।

फ्लायओवर निर्माण के बीच आ रही ड्रेनेज लाइन को आधुनिक ट्रेंचलेस और माइक्रो-टनलिंग तकनीक का उपयोग कर शिफ्ट किया जाना था। यहां पर ड्रेनेज की 1600 एमएम और 1200 एमएम की बड़ी लाइन गुजर रही है, जो सड़क के मध्य में है।

निगम का कहना था कि पूरी लाइन को शिफ्ट करना होगा और इसके लिए 10.5 करोड़ खर्च बताया था। दोनों एजेंसियों को काम भी दे दिया गया, लेकिन अब यह आशंका जताई जा रही है कि यदि मेट्रो स्टेशन से जुड़ा काम पहले शुरू होता है या उसकी डिजाइन में बदलाव की जरूरत पड़ती है, तो ड्रेनेज लाइन शिफ्टिंग के काम की गति प्रभावित हो सकती है।

**एयरपोर्ट की ओर से अंडरग्राउंड कॉरिडोर का काम शुरू-** इधर, मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने एयरपोर्ट की ओर से अंडरग्राउंड कॉरिडोर का काम शुरू कर दिया है। एरोड्रम रोड से कालानी नगर होते हुए मेट्रो लाइन बड़ा गणपति तक पहुंचेगी। चूंकि यहां स्टेशन प्रस्तावित है, इसलिए स्टेशन निर्माण, अंडरग्राउंड संरचना और संबंधित तकनीकी कार्यों में समय लगना तय माना जा रहा है।

ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि क्या दोनों परियोजनाओं के बीच समन्वय समय पर हो पाएगा या एक के कारण दूसरी योजना प्रभावित होगी। यदि वर्तमान स्थिति बनी रहती है और स्पष्ट रोडमैप तय नहीं हुआ तो प्रोजेक्ट की समय-सीमा खिसक सकती है।

फ्लाईओवर और मेट्रो, दोनों ही शहर के लिए महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हैं, लेकिन समन्वय के लिए अब बैठक बुलवाई जाएगी। नगरीय प्रशासन मंत्री ने तीनों विभागों की बैठक बुलवा ली है, ताकि तालमेल के साथ काम रफ्तार पकड़ सके और समाधान निकल सके।

### सिंहस्थ के लिहाज से अहम है ब्रिज

बड़ा गणपति पर ही मेट्रो का भी स्टेशन है। इसलिए उनका कहना है कि स्टेशन के लिए खुदाई होगी। चूंकी वर्तमान लाइन 8 मीटर नीचे है और मेट्रो का काम भी चलेगा। ऐसे में काम प्रभावित होगा, जबकि इस फ्लायओवर को सिंहस्थ से पहले तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था, ताकि शहर के ट्रैफिक दबाव को कम किया जा सके। बड़ा गणपति चौराहा शहर के व्यस्ततम मार्गों में से एक है और यहां लंबे समय से यातायात दबाव की समस्या बनी हुई है।

- 10 करोड़ का ठेका दे चुके लाइन शिफ्टिंग के लिए
- 26 करोड़ रुपए है प्रस्तावित फ्लायओवर की लागत

# 40 में से 22 विषयों में एक भी छात्र नहीं फिर भी बनेंगे पेपर, प्रक्रिया भी पूरी होगी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के इतिहास में पहली बार एक ऐसी परीक्षा होने जा रही है, जिसमें उपस्थिति शून्य रहेगी। नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत मार्च से शुरू हो रही फोर्थ ईयर की परीक्षा में बीए और बीएससी के कई कोर्स ऐसे हैं, जिनमें एक भी परीक्षार्थी नहीं है।

इसके बावजूद, यूनिवर्सिटी प्रशासन इन सभी विषयों के प्रश्न पत्र तैयार करवा रहा है और विधिवत टाइम टेबल भी जारी किया जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि नियमानुसार हर कोर्स की परीक्षा की घोषणा करना और उसके पेपर तैयार करना अनिवार्य है, ताकि ऐनवक्त पर किसी छात्र द्वारा परीक्षा फॉर्म जमा किया जाता है तो उसकी परीक्षा कराई जा सके।




एनईपी के तहत पिछले सत्र से ही फोर्थ ईयर शुरू हुआ है। पिछले साल इसमें करीब 3500 छात्र-छात्राएं थे, जबकि इस सत्र में इनकी संख्या घटकर आधे भी कम हो गई है। कई कोर्स कॉम्बिनेशन में तो एक भी सीट पर एडमिशन नहीं हुआ है। बीए फोर्थ ईयर में ही कुल 22 विषय हैं, जिनमें से छात्रों ने केवल 12 विषयों को ही चुना है। बाकी 10 विषयों में एक भी छात्र नहीं है। इसी तरह बीएससी के 18 विषयों में से केवल 7 में ही एडमिशन हुए। इसमें 11 विषय पूरी तरह खाली हैं। इसके बावजूद नियमों के तहत यूनिवर्सिटी को सभी 40 (22 बीए + 18 बीएससी) विषयों के पेपर सेट करने होंगे। बीए में सबसे ज्यादा 222 छात्र पॉलिटिकल साइंस में हैं, जबकि बीएससी में सबसे ज्यादा 216 छात्र बॉटनी के हैं। 5 मार्च से परीक्षा, इंदौर में दो ही सेंटर बीए, बीकॉम और बीएससी फोर्थ ईयर की परीक्षा 5 मार्च से शुरू होने जा रही है। इनमें परीक्षार्थियों की संख्या कम होने के कारण इंदौर जैसे बड़े शहर में केवल दो कॉलेज जीएससी और न्यू जीडीसी को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिले के बाहर महू, राऊ, धामनोद, पेटलावद, नेपानगर, बड़वाह, सनावद, बड़वानी, बुरहानपुर, बदनावर और खरगोन के सरकारी कॉलेजों में भी केंद्र तो रहेंगे, लेकिन वहां परीक्षार्थियों की संख्या क्का-दुक्का ही रहेगी। रिसर्च से छात्रों ने बनाई दूरी चौथे साल में ऑनर्स की तुलना में ऑनर्स विद रिसर्च जैसे एडवांस कोर्स चुनने वालों की संख्या और कम रही है। बीए में सिर्फ 1 और बीएससी में सिर्फ 2 ही छात्रों ने रिसर्च का विकल्प चुना है। हालांकि, बीकॉम में स्थिति थोड़ी बेहतर है, जहां 27 छात्र इस कोर्स का हिस्सा हैं।

# 10वीं की परीक्षा के दौरान बच्चे को दिया जन्म

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

धार के पीथमपुर में 10वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान नाबालिग छात्रा ने बच्चे को जन्म दिया। घटना मंगलवार को सेंट जॉन स्कूल में गणित के पेपर के दौरान की है।

छात्रा सामान्य रूप से परीक्षा हॉल में बैठकर प्रश्नपत्र हल कर रही थी। इसी दौरान शौचालय जाने की अनुमति लेकर बाहर निकली। काफी देर तक वापस न लौटने पर जब स्कूल स्टाफ ने जाकर देखा, तो वहां छात्रा ने बच्चे को जन्म दे दिया था। स्कूल मैनेजमेंट ने बिना देरी किए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मेडिकल टीम ने छात्रा और नवजात को तुरंत पीथमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि फिलहाल मां और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। परीक्षा केंद्र प्रभारी नरेंद्र कुमार पोथे ने कहा- मंगलवार को 17 वर्षीय छात्रा गणित का पेपर देते समय शौचालय गई थी। लगभग 15 मिनट तक वापस न लौटने पर एक महिला कर्मचारी को उसे देखने भेजा गया। बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था। भीतर से बच्चे के रोने की आवाज आ रही थी। स्कूल स्टाफ ने छात्रा से कहकर गेट खुलवाया, फिर पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सेक्टर 1 थाने की एसआई चांदनी सिंगार ने कहा- पीड़िता ने पूछताछ में बताया कि करीब दो साल पहले उसकी दोस्ती कान्हा बर्मन नाम के युवक से हुई थी। पिछले एक साल से उनके शारीरिक संबंध थे, जिससे वह गर्भवती हुई।

### अंडरग्राउंड-मेट्रो की तैयारी तेजः अप्रैल-मई में होगी सुरंग की खुदाई

# एयरपोर्ट-निगम क्षेत्र में बनेगा शाफ्ट, 40 मीटर नीचे दौड़ेगी मेट्रो

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर शहर में मेट्रो परियोजना का सबसे अहम चरण शुरू होने जा रहा है। एलिवेटेड ट्रैक के बाद अब अंडरग्राउंड कॉरिडोर के लिए जमीन तैयार की जा रही है। एयरपोर्ट और नगर निगम क्षेत्र में टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) उतारने की तैयारी चल रही है। संभावना है कि अप्रैल या मई में सुरंग खुदाई का काम शुरू हो जाएगा।

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) के सूत्रों के अनुसार, दो स्थानों पर 24 घंटे काम जारी है। एयरपोर्ट क्षेत्र और नगर निगम के पास स्थित शासकीय स्कूल परिसर में



खुदाई कर टीबीएम को जमीन के भीतर उतारने के लिए शाफ्ट तैयार किए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, इंदौर में दो टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग किया जाएगा। एक मशीन एयरपोर्ट से बड़ा गणपति की दिशा में सुरंग बनाएगी, जबकि दूसरी मशीन नगर निगम क्षेत्र से बड़ा गणपति की ओर खुदाई करेगी। इन मशीनों की मदद से जमीन के लगभग 40 मीटर नीचे सुरंग तैयार की जाएगी।

**10 किलोमीटर तक अंडरग्राउंड ट्रैक-** एमपीएमआरसीएल ने टाटा समूह और उसकी सहयोगी कंपनी को हाईकोर्ट से एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण का करीब 2290 करोड़ रुपए का ठेका दिया है। वहीं बंगाली चौराहा से हाईकोर्ट तक मेट्रो को अंडरग्राउंड बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए नई टेंडर प्रक्रिया जारी है और जमीन का सर्वे किया जा रहा है।

फिलहाल एयरपोर्ट से बंगाली चौराहे तक एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण चल रहा है, जबकि इसके आगे का हिस्सा भूमिगत होगा। अधिकारियों का कहना है कि आगामी समय में इंदौर में करीब 10 किलोमीटर लंबा अंडरग्राउंड ट्रैक तैयार होगा।

अप्रैल या मई में टीबीएम आने के साथ ही सुरंग निर्माण का कार्य औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगा, जिससे शहर की मेट्रो परियोजना नई गति पकड़ेगी।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में भक्ति बनेगी रंग, मनेगा रंगभरी पधरावनी उत्सव

उज्जैन। धर्मनगरी में होली महोत्सव के अंतर्गत इस वर्ष एक अनूठी और भव्य शुरूआत होने जा रही है। शहर में संभवतः पहली बार बड़े स्तर पर ह्नरंगभरी पधरावनी उत्सवह्न का आयोजन किया जा रहा है। रंगभरी ग्यारस के पावन अवसर पर यह कार्यक्रम 27 फरवरी 2026, शुक्रवार को गीता कॉलोनी स्थित अंश भवन में संपन्न होगा।

वरिष्ठ समाजसेवी व आयोजक गोविंद यादव बबलू भैया ने बताया कि श्रीमद वल्लभाचार्य महाप्रभु की कृपा से आयोजित इस उत्सव का समय संध्या 6 बजे से रखा गया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कृष्ण प्रेम और भक्ति के आनंद-रस में सराबोर होना है। यह एक ऐसा प्रयास है जहाँ भक्ति ही रंग बन जाए और प्रेम ही उत्सव हो, ताकि नंदलाल का स्वागत हृदय से किया जा सके।

यादव परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अब्दालपुरा, गीता कॉलोनी स्थित अंश भवन में होगा। आयोजकों ने धर्मप्रेमी जनता को सपरिवार आमंत्रित करते हुए इस दिव्य मंगल उत्सव में सम्मिलित होकर पलों को स्मरणीय बनाने की अपील की है।

### मोहनदास मालवीय बने अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के जिलाध्यक्ष

उज्जैन। तीर्थ नगरी उज्जैन में मंगलवार 24 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ द्वारा संगठनात्मक नियुक्ति की गई। इसमें मोहनदास मालवीय (मथुरा खेड़ी) को आगर-मालवा जिले का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

महासंघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब ने उज्जैन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मोहनदास मालवीय को विधिवत नियुक्ति पत्र सौंपकर पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देवी सिंह चौहान, नानूराम परमार, सोदान सिंह मालवीय, कालू सिंह मालवीय, जगदीश चंद्र मालवीय, विक्रम सिंह मालवीय और मनोहर लाल वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने संगठन के विस्तार और कबीर साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# प्रशासन की कार्रवाई से क्षुब्ध अघोरी बाबा ने दी धर्म परिवर्तन की चेतावनी

### शासन-प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति देने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



काल भैरव मंदिर के पीछे स्थित अघोर अखाड़ा, काल भैरव घाट पर वर्षों से तपस्या कर रहे अघोरी पीठाधीश्वर श्री योगी विष्णुनाथ जी (खड़ेश्वरी अघोरी बाबा) ने प्रशासनिक कार्रवाई से आहत होकर धर्म परिवर्तन की चेतावनी दी है। योगी विष्णुनाथ जी अपने गुरु श्री योगी बम-बम नाथ जी महाराज के मार्गदर्शन में श्री बम-बम भूतेश्वर महादेव मंदिर, गोरक्ष धूना, काल भैरव घाट पर बीते 12 वर्षों से भगवान काल भैरव की अखंड खड़ेश्वरी अघोर तपस्या कर रहे हैं। उनका कहना है कि सनातन धर्म में यज्ञ, अनुष्ठान, पूजा-पाठ एवं हवन का विशेष महत्व है, वहीं भगवान काल भैरव की वाममार्गीय पंचमकार साधना में मदिरा का विशिष्ट स्थान माना गया है। योगी विष्णुनाथ के अनुसार, सत्य सनातन धर्म की रक्षा, गौमाता संरक्षण, मृत आत्माओं को मोक्ष, जनकल्याण एवं विश्व कल्याण के उद्देश्य से काल भैरव घाट पर 08 दिवसीय ह्नअष्टधारा मदिरा महायज्ञह्न का आयोजन प्रस्तावित है।

यह महायज्ञ 08 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक प्रस्तावित है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 500 लीटर मदिरा आठ फीट गहरे हवन कुंड में ज्वाला चेतन कर कलशों के माध्यम से 24 घंटे निरंतर आठ धाराओं में अर्पित की जाएगी। यह आयोजन भगवान महाकाल के सेनापति भगवान काल भैरव को समर्पित बताया गया है। योगी विष्णुनाथ ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले ही नगर निगम के कर्मचारी आश्रम पहुंचे और पूजा-सामग्री जब्त कर ली। साथ ही उन्हें आयोजन न करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आश्रम का नल कनेक्शन और अन्य व्यवस्थाएं क्षतिग्रस्त कर दी गईं।योगी विष्णुनाथ ने बताया कि उन्होंने आयोजन के लिए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से विधिवत अनुमति मांगी थी, लेकिन अब तक अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने प्रशासन पर धार्मिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि बुधवार तक साधना की अनुमति नहीं मिली और जब्त किया गया सामान वापस नहीं किया गया, तो वे सनातन धर्म त्यागकर इस्लाम स्वीकार करने को मजबूर होंगे।

### संस्था न्यायाश्रय ने भारत में अनिवार्य मतदान अधिनियम लागू किए जाने को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पर पंजीकृत सामाजिक संस्था न्यायाश्रय द्वारा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने तथा मतदान न करने वालों पर कानूनी प्रावधान लागू करने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। संस्था अध्यक्ष मधु मालवीय ने बताया कि चुनावों में लगातार कम मतदान लोकतंत्र को कमजोर करता है। यदि मतदान प्रतिशत 100 हो, तो नागरिक बेहतर प्रतिनिधि चुन सकेंगे और शहर व प्रदेश का विकास भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन कई लोग इसे अवकाश समझकर बाहर चले जाते हैं या शहर में रहते हुए भी मतदान नहीं करते, जो चिंताजनक है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के बावजूद लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में औसतन केवल 60 से 70 प्रतिशत मतदान ही हो पाता है। मतदान संविधान द्वारा प्रदत्त एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक अधिकार है, और इसका प्रयोग न होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता है। संस्था ने सरकार से ऐसा कानून बनाने पर विचार करने की मांग की है, जिससे प्रत्येक नागरिक मतदान में भाग लेने के लिए बाध्य हो और लोकतंत्र को सुदृढ़ किया जा सके। इस मौके पर नरेंद्र गहलोत, दूल्हे सिंह आजाद, शाहिद कुरेशी, जिज्ञासा तिवारी, हिमांशी चंदेल, सुनीता राठौर, राज आंजना आदि लोग उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महासम्मेलन में 41 प्रांतों से जुटे पदाधिकारी

### देश के हर ब्लॉक हर गांव-कॉलोनी में हनुमान चालीसा केंद्र खोलने और हिंदू नारी शक्ति खड़ी करने का संकल्प

### डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने दिया हिंदू सुरक्षा और समृद्धि का मंत्र

### शिप्रा तट पर गूंजा हिंदू सुरक्षा का जयघोष, डॉ. तोगड़िया ने दिलाया एक करोड़ परिवारों को जोड़ने का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




बाबा महाकाल की नगरी में माँ शिप्रा के तट स्थित शहनाई शगुन गार्डन में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल का दो दिवसीय राष्ट्रीय महासम्मेलन प्रारंभ हुआ। 24 और 25 फरवरी को आयोजित इस अधिवेशन में देशभर के सभी राज्यों और 41 प्रांतों से आए लगभग 3500 पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए हिंदुओं की एकता, समृद्धि, सुरक्षा और सम्मान को सर्वोपरि बताया। उन्होंने संगठन के आगामी लक्ष्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि देश के हर ब्लॉक, कॉलोनी और वार्ड में साप्ताहिक हनुमान चालीसा केंद्र खोले जाएंगे। संगठन ने एक करोड़ नए परिवारों को ह्नओम श्री परिवारह्न से जोड़ने और राष्ट्र स्तर पर एक सशक्त हिंदू नारी शक्ति खड़ी करने की कार्ययोजना तैयार की है। इसके साथ ही हिंदू हेल्पलाइन, एडवोकेट फोरम, किसान परिषद और ओजस्विनी के माध्यम से संगठन का विस्तार जमीनी स्तर पर किया जाएगा।

महासम्मेलन में महामंत्री देवेश उपाध्याय, प्रदीप गौर, रणछोड़ भाई भरवाड़, ईश्वरी प्रसाद, रामजी तिवारी, बेटू चंदेल, विजय रेड्डी, मनोज सिंह, मनोज साहू और रजनी ठुकराल विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्थानीय नेतृत्व में उज्जैन नगर निगम सभापति कलावती यादव, सावित्री, डॉ. मुक्ता और मालाबेन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

### सीआईआरसी ने 61 शाखाओं में से चुना, वर्ष भर के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिली उपलब्धि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की उज्जैन शाखा को मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद (सीआईआरसी) ने ह्नस्पिरिचुअलिटी लीडरशिप अवॉर्ड-2025ह्न से सम्मानित किया है। यह सम्मान शाखा को वर्ष भर की गतिविधियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया गया।

उज्जैन शाखा अध्यक्ष सीए अकृत जैन ने बताया कि आईसीएआई के कुल पांच क्षेत्र हैं। प्रत्येक क्षेत्र अपने अधीन आने वाली शाखाओं को उनके वार्षिक प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत करता है। सीआईआरसी के अंतर्गत कुल 61 शाखाएँ कार्यरत हैं, जिनमें से श्रेष्ठ कार्य के लिए उज्जैन ब्रांच का चयन इस प्रतिष्ठित पुरस्कार हेतु किया गया।

इस उपलब्धि पर केंद्रीय परिषद सदस्य (सीसीएम) सीए अभय छाजेड़, सीए पंकज शाह और सीआईआरसी कोषाध्यक्ष एवं उज्जैन शाखा के पदेन सदस्य सीए अंकुश जैन का विशेष आभार व्यक्त किया गया। शाखा प्रबंधन का कहना है कि उनके सतत मार्गदर्शन और सहयोग से ही यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। यह सम्मान उज्जैन ब्रांच के सभी सदस्यों के लिए गर्व का विषय है।

# प्रियांशी और योगिता ने मारी बाजी, नृत्य-नाटिका ने मोहा मन

### पल्लवन 2026 में फैशन शो, 38 छात्राओं ने किया रैंप वॉक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन ह्नपल्लवन 2026ह्न का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र में उच्च शिक्षा विभाग (उज्जैन संभाग) के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच.एल. अनिलजवाल और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। स्नेह सम्मेलन का मुख्य आकर्षण फैशन शो रहा, जिसमें 38 छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक किया। इसमें प्रियांशी चौहान ने प्रथम, सलोनी शिवहरे ने द्वितीय और निधि शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने कलात्मक प्रतिभा दिखाई, जिसमें योगिता कुशवाह प्रथम, आशा नागर द्वितीय और चंचल चौरसिया तृतीय स्थान पर रहीं।

शुभारंभ संगीत विभाग की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता द्वारा रचित महाविद्यालय के ह्नकीर्ति गानह्न की सस्वर प्रस्तुति ने माहौल में उत्साह भर दिया। डॉ. सीमा उपाध्याय के निर्देशन में छात्राओं ने भारतीय त्योहारों पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वागत भाषण छात्रसंघ प्रभारी डॉ. कविता जैन मंगलम ने दिया। मुख्य अतिथि डॉ. अनिलजवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं की ऊर्जा और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं। डॉ. कल्पना सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को उत्कृष्ट बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि व्यक्तित्व में बाहरी से अधिक आंतरिक सौंदर्य का महत्व है। फैशन शो का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करना है। संचालन डॉ. स्मिता देराश्री और डॉ. रूपा भावसार ने किया। आभार प्रशासनिक अधिकारी डॉ. महेंद्र जैन ने माना।

## खबर एक नजर...

### दत्त अखाड़ा में गूंजे वैदिक मंत्र, रुद्राभिषेक और संत समागम के साथ मनाई पीर राजेंद्र भारती की पुण्यतिथि

**उज्जैन।** दत्त अखाड़ा में पीर महंत राजेंद्र भारती महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाई गई। महंत परमेश्वर भारती के विशेष संयोजन और मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में रुद्राभिषेक, संत समागम और विशाल भंडारे के माध्यम से गुरु को नमन किया गया।

कार्यक्रम में गादीपति पीर सुंदर पुरी, जूना अखाड़ा के सभापति महंत मोहन भारती और थानापति विद्या भारती की विशेष उपस्थिति रही। अखाड़े के संत परिवार और आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान महादेव का रुद्राभिषेक संपन्न कराया और गुरु चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। संत समागम के दौरान ह्यगुरु बिन ज्ञान न उपजे, गुरु बिन मिले न मोक्षह्व के भाव को आत्मसात करते हुए वक्ताओं ने पीर राजेंद्र भारती के जीवन दर्शन को याद किया। संतों ने कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सत्य, सेवा, मानवता और आध्यात्मिक जागरण के लिए समर्पित किया। उनका नश्वर शरीर भले ही पंचतत्व में विलीन हो गया हो, लेकिन उनकी विरासत, उपदेश और संस्कार आज भी भक्तों के हृदय में जीवंत हैं। संतों ने आह्वान किया कि गुरु के दिखाए प्रेम और जनकल्याण के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। साथ ही, सनातन धर्म की पताका को निरंतर ऊँचा रखने का संकल्प दोहराया गया। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। व्यवस्थाओं में साइको योग फाउंडेशन, परमहंस आदि शक्ति साधना केंद्र के राजू महाराज, गजेंद्र भाई, घनश्याम मीणा, संगीता कुशवाह, अंकित जैन और लक्ष्मी नारायण उपाध्याय सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# संत गाडगे बाबाजी की जयंती मनाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा समाज सुधारक संत गाडगे बाबाजी की जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष डॉ. आर. एल. परमार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी डी. एल. भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंती के मौके पर संत गाडगे बाबाजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आर. एल. परमार ने कहा कि संत गाडगे बाबाजी का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने, हर जरूरतमंद को शिक्षा से जोड़ने, प्यासे को पानी पिलाने तथा दुखी व निराश लोगों को हिम्मत देने का संदेश दिया। इस मौके पर जिला कार्यवाहक अध्यक्ष दरियाव सिंह गहलोत, रमेशचंद्र सूर्यवंशी, जिला सचिव बी. एल. सिदल, एन. पी. मालवीय, आनंदीलाल सिसोदिया, रमेशचंद्र कलेसिया, बाबूलाल एरवाल, प्रदीप सिसोदिया, रमेशचंद्र राठौर, सरपंच ईश्वर कटारिया, एडवोकेट दुलेसिंह आजाद, नरेंद्र गेहलोत, मनीष वर्मा, बहुजन समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी सहित अजाक्स के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मन्दसौर सीए शाखा को मिला रीजनल स्तर पर कैपेसिटी बिल्डिंग अवार्ड

**मन्दसौर।** टीम भावना और सदस्यों के कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की मन्दसौर शाखा को क्षेत्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। चित्तौड़गढ़ के इमेजिका रिसोर्ट में आयोजित सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के 21वें वार्षिक उत्सव में मन्दसौर शाखा को वर्ष 2025 के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग अवार्ड्ज प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीआईआरसी के चेयरमैन सीए अंकुर गुप्ता ने कहा कि मन्दसौर शाखा ने अपने सदस्यों को विषय वक्ता के रूप में तैयार करने का जो बीड़ा उठाया, वह सराहनीय है। मन्दसौर शाखा के अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने बताया कि रीजन की 57 शाखाओं के बीच यह गौरव प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान, शिक्षा के साथ संस्कारों पर जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सूर्य सागर दिगम्बर जैन स्कूल में वार्षिक गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। आचार्य सूर्य सागर महाराज के परिजनों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की मौजूदगी में यह गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. लाभचंद जैन एवं डॉ. चिराग जैन यशलहा (इंदौर) उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास भी उतना ही आवश्यक है। विद्यालय में होने वाली गतिविधियाँ प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम बनती हैं। संस्था अध्यक्ष रमेशचंद कासलीवाल सहित अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अरविंद टोंग्या, राजेश कासलीवाल, अजय कुमार जैन, जिनेन्द्र जैन चने वाले, प्रकाश झांझरी, महिपाल गंगवाल तथा प्रफुल्ल कुमार जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रधानाध्यापक विजय जैन ने बताया कि सूर्य सागर दिगम्बर जैन स्कूल अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और संस्कारयुक्त वातावरण के लिए पहचाना जाता है।

# 15 मार्च को सतनाम सिंधी कॉलोनी में गूंजेंगे भजन, गायक मोहित लालवानी देंगे प्रस्तुति

### चेटीचंड महापर्व को लेकर हुई सिंधी साहिती पंचायत और राष्ट्रीय सिंधी मंच की बैठक में निर्णय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पूज्य सिंधी साहिती पंचायत एवं राष्ट्रीय सिंधी मंच की विशेष बैठक धनवानी हॉल में दीपक बेलानी के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में समन्वयक संयोजक महेश परियानी के मार्गदर्शन में होने वाले चेटीचंड महापर्व के आयोजन की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान दीपक बेलानी ने घोषणा की कि पर्व के उपलक्ष्य में विश्व प्रसिद्ध भजन गायक मोहित लालवानी अपनी प्रस्तुति देने उज्जैन आएंगे।

दीपक राजवानी ने बताया कि मोहित लालवानी का कार्यक्रम 15 मार्च, रविवार को शाम 7:00 बजे से सतनाम सिंधी कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा। लालवानी पहली बार उज्जैन आ रहे हैं। इस घोषणा का सभागृह में मौजूद सैकड़ो समाजजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। बैठक में संरक्षक महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, संयोजक अशोक राजवानी, राजकुमार परसवानी, किशोर मुलानी, ललित लुल्ला, तुलसीदास राजवानी, दिलीप हीरानंदानी और गोपाल रचवानी उपस्थित थे।

# आचार्य विद्यासागर के प्रकल्पों पर होगी निबंध प्रतियोगिता, विजेताओं को मिलेंगे हथकरघा गिफ्ट वाउचर



### डीएवीवी कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई की विशेष उपस्थिति में हुई बैठक, 27 फरवरी को विक्रम विश्वविद्यालय में होगा सम्मान समारोह

उज्जैन। आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि के दो वर्ष पूर्ण होने पर उनकी पावन स्मृति और विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए विशेष आयोजन किया जा रहा है। आचार्य विद्यासागर पीठ एवं शोध संस्थान, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा ह्यवर्तमान परिप्रेक्ष्य में आचार्य विद्यासागर के प्रकल्पों की उपयोगिताह्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

#### धर्म-संस्कृति से जुड़ें युवा

इस संदर्भ में आचार्य विद्यासागर अतिथि भवन में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) इंदौर के कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ. सिंघई ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम होते रहने चाहिए, जिससे युवा पीढ़ी धर्म और संस्कृति को पहचान सके और अपने जीवन को बेहतर बना सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि ऐसे आयोजनों में इंदौर विश्वविद्यालय द्वारा भी हर संभव सहायता की जाएगी।

बैठक में कुलगुरु का सम्मान ट्रस्ट के विजेंद्र जैन सुपारी वाले, अध्यक्ष धर्मेंद्र सेठी, सचिव दीपक जैन, सहसचिव सचिन कासलीवाल, विवि समन्वयक शैलेंद्र कुमार भारल, प्रसन्न बिलाला, अनुराग जैन, सुनील जैन ट्रांसपोर्ट, राकेश कुमार जैन, नंदा सुधीर जैन, सुरेश छाबड़ा और शैलेन्द्र जैन सहित कई वरिष्ठ जनों ने किया। साथ ही नारी चेतना मंडल की पुष्प बज, शोभा कासलीवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी स्वागत किया।

#### 27 फरवरी को शलाका दीर्घा में सम्मान समारोह

विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 5100, 3100 एवं 2100 रुपये के हथकरघा गिफ्ट वाउचर प्रदान किए जाऐंगे। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी हथकरघा उत्पाद भेंट किए जाएंगे। सम्मान समारोह 27 फरवरी को प्रातः 8:30 बजे विक्रम विश्वविद्यालय की शलाका दीर्घा में आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज करेंगे। इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. अनुपम जैन और प्रतिभा स्थली इंदौर की दीदियां विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

### उज्जैन आगमन पर खलीफा एवं पहलवानो का किया अभिनंदन

# कुश्ती प्रतियोगिता में उज्जैन के पहलवानों का शानदार प्रदर्शन, मेडल जीतकर बढ़ाया मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्यप्रदेश के नागदा एवं देवास जिले के भौरासा में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यो से बड़ी संख्या में पहलवानो ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा एवं कुश्ती कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में उज्जैन के उदर्पुरा स्थित ऊँकारदास गुरु अखाड़ा के खलीफा हुकमा पहलवान के मार्गदर्शन में पाँच पहलवानो ने भाग लिया और शानदार कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त किए। कार्यक्रम के संयोजक शेर खान भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडल जीतकर उज्जैन लौटने पर उदर्पुरा स्थित ऊँकारदास गुरु अखाड़ा परिसर में पहलवानो एवं कोच खलीफाओं का साफा बांधकर एवं फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया और पहलवानो के उज्वल भविष्य की कामना भी की गई। सभी पहलवानो ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खलीफा हुकमा पहलवान ने कहा कि बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के बीच अपनी कुश्ती प्रतिभा दिखाना आसान नहीं होता, लेकिन हमारे अखाड़े के सभी पाँचों पहलवानो ने बेहतरीन प्रदर्शन कर मेडल जीतकर उज्जैन शहर का नाम रोशन किया है, जो गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में युवा वर्ग नशे की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में प्रत्येक माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को कुश्ती जैसे खेलों से जोड़ें, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके और वे समय-समय पर प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने देश व शहर का नाम रोशन करें। उदर्पुरा स्थित ऊँकारदास गुरु अखाड़ा में प्रतिदिन बच्चों को निःशुल्क कुश्ती का प्रशिक्षण अनुभवी उस्तादों द्वारा दिया जाता है

**खबर एक नजर...**

### बेसन के व्यंजनों की मिठास में अंजली और नमकीन में दिव्या प्रथम

**नीमच।** बेसन के व्यंजनों की मिठास में अंजली आसवानी और नमकीन में दिव्या मुच्छाल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य प्रतिभागी महिलाओं ने भी अपने हुनर का प्रदर्शन कर एक से एक स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। मौका था जिले की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति की व्यंजन प्रतियोगिता का, जिसमें शहर की 50 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाली महिलाओं की संस्था कृति ने प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी प्रदान किया। जिले की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति द्वारा प्रतिवर्ष व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस बार कृति की व्यंजन प्रतियोगिता बेसन पर आधारित व्यंजनों पर आधारित थी। व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन 24 फरवरी मंगलवार को शहर की गांधी वाटिका में दोपहर 2 बजे से किया गया, जिसमें 50 से अधिक महिलाओं ने बेसन से मीठे व नमकीन व्यंजन तैयार किए। इसके बाद निर्णायक मंडल के सदस्यों ने व्यंजनों का परीक्षण कर उनके टेस्ट व गुणवत्ता को देखा।

# महाकाल कैप 2026 : रेलवे इंदौर टीम ने फाइनल जीतकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

## कर्मचारियों ने खेल के माध्यम से अनुशासन और फिटनेस का दिया संदेश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शास्त्री नगर स्थित शास्त्री स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड पर वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट महाकाल कैप 2026 का सफल आयोजन हुआ। टूर्नामेंट में रतलाम मंडल की 8 रेलवे टीमों ने भाग लेकर रोमांचक मुकाबले खेले। सागर उदगीर ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार सुबह 8 बजे असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मंजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में पूजन के साथ हुआ। दिनभर चले मैचों के बाद फाइनल मुकाबला महाकाल उज्जैन टीम और रेलवे इंदौर टीम के बीच खेला गया। वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन शाखा उज्जैन द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल महाकाल टीमउज्जैन और इंदौर रेलवे टीम के बीच में हुआ। फाइनल में इंदौर की टीम ने पहले खेलते हुए 65 रन बनाए। बाद में लक्ष्य का पीछा करते हुए उज्जैन महाकाल की टीम केवल 58 रन बना पाई और इंदौर रेलवे की टीम ने फाइनल को सात रन से जीत लिया। फाइनल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रतलाम से उज्जैन आए मंडल सचिव मनोहर बारठ एवं कोषाध्यक्ष शैलेश तिवारी उपस्थित थे।सेमीफाइनल और फाइनल में विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी



देकर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में उपस्थित रहे। मंडल सचिव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी ड्यूटी के साथ-साथ समय निकालकर खेल गतिविधियों का आयोजन करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। खेल न केवल अनुशासन सिखाते हैं, बल्कि टीम भावना को मजबूत करने के साथ-साथ स्वस्थ जीवन शैली का भी संदेश देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित रूप से खेलों में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुशवाहा द्वारा किया गया।समापन अवसर पर वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन उज्जैन शाखा की कार्य समिति की घोषणा की गई, जिसमें मॉरिस मेयर्स को उपाध्यक्ष तथा अर्पित जैन को शाखा सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नरेश कुमार शर्मा (सहायक मंडल इंजीनियर, कार्य उज्जैन), अविनाश पंच (सहायक मंडल इंजीनियर, वेस्ट उज्जैन), क्षेत्रीय पार्षद श्री कैलाश प्रजापति, संजय सक्सेना (स्टेशन मैनेजर, उज्जैन) सहित श्री अनिल चौबे, कमलेश कुशवाहा, सुनील अंजनी, प्रवीण जोशी, महेंद्र सैनी, श्री रविंद्र उपाध्याय, मॉरिस मेयर, श्री एस. के. लाल, श्रीमती रेणुका पोद्दार, श्रीमती किरण, श्रीमती मंजू वाला, सागर उदगीर, श्री अरुण सक्सेना, प्रशांत पाठक, मोहम्मद शहजाद, देवेंद्र राय, समरेश खरार्टे, सुमित सक्सेना, दारा सिंह मीणा, सिद्धार्थ श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह किसान महा चौपाल में शामिल हुए



ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

24 फरवरी को ट्रेड डील के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित किसान महा चौपाल में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने उपस्थित होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर उदित राज के आदेश का पालना करते हुए वहां उपस्थित मध्य प्रदेश से आए हुए किसानों और पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों को लगभग तीस हजार पानी के पाउच बांटते हुए कार्यकर्ताओं और कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करने का काम किया और सभी किसान भाइयों बहनों और कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया और कहा कि असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस हर व्यक्ति के साथ,हर मजलूम के साथ अग्रिम पंक्ति में खड़ी मिलेगी व किसानों के हक अधिकारों की लड़ाई को मजबूती के साथ में लड़ा जाएगा। कार्यक्रम को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे , राहुल गांधी एवं सभी वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया इस अवसर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के भोपाल जिला अध्यक्ष महेशनंद मेहर एवं उनकी पूरी टीम ने भर्षक प्रयत्न एवं कड़ी मेहनत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा की।

# कलेक्टर से निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

निजी शिक्षण संस्थाओं की मनमानी रोकने की मांग अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की रतलाम इकाई ने की है। ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने मंगलवार दोपहर कलेक्टर मिशा सिंह से मुलाकात की।

निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा पुस्तकों, यूनिफार्म और फीस आदि के माध्यम से पैरेंट्स पर हर साल अनावश्यक रूप से डाले जाने वाले आर्थिक भार पर रोक लगाने की मांग की। पदाधिकारी ग्राहक पंचायत के प्रांतीय उपाध्यक्ष अनुराग लोखंडे के नेतृत्व में जनसुनवाई में पहुंच लिखित शिकायत दर्ज कराई। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने कलेक्टर को बताया हर साल अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत को पैरेंट्स के माध्यम से प्राइवेट स्कूलों द्वारा अनावश्यक आर्थिक भार डालने की शिकायतें मिलती है। वर्तमान में भी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। तत्काल प्रभाव से ऐसी ठोस व्यवस्था और निगरानी हो ताकि प्राइवेट



स्कूल प्रबंधन किसी भी तरह से पैरेंट्स पर अनावश्यक आर्थिक बोझ नहीं डाल सकें। प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि प्रशासन और पैरेंट्स की एक ऐसी संयुक्त टीम गठित की जाए कि जो स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया चलने के दौरान आकस्मिक जांच कर सके। इस टीम में ग्राहकों, उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं, संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। ताकि कार्रवाई निष्पक्ष रूप से हो सके। इस टीम की रिपोर्ट पर तत्काल कार्रवाई हो इसकी, इसकी व्यवस्था करने की मांग भी की गई। प्रतिनिधि मंडल में महेंद्र भंडारी, सत्येन्द्र जोशी, श्याम ललवानी, नरेश सकलेचा, संजीव राव, जिला प्रचार प्रमुख नीरज कुमार शुक्ला आदि शामिल रहे। - स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी द्वारा नियत पाठ्यक्रम और पुस्तकों के अलावा भी निजी पब्लिशर्स की पुस्तकें अनिवार्य कर दी जाती हैं जो काफी महंगी होती हैं। निजी प्रकाशकों की होने से इनके दाम भी बहुत ज्यादा होते हैं। ऐसी पुस्तकों को चलन में लाने से रोका जाना चाहिए। - जब तक पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं हो तब तक अनावश्यक नई पुस्तकों को न तो शामिल किया जाए और न ही बदला जाए। - स्कूल प्रबंधन द्वारा हर वर्ष किसी न किसी कक्षा की यूनिफॉर्म भी बदल दी जाती है जिसका कोई उचित आधार नहीं होता है। इस पर भी ठोस और उचित रोक लगाई जाए। - लगभग हर निजी संस्था का किसी न किसी दुकान संचालक से आर्थिक अनुबंध होता है, जिससे अभिभावकों से उसकी मनमानी कीमत वसूली जाती है। इस पर रोक लगाई जाए। - शासन द्वारा स्कूल फीस निर्धारण को लेकर भी स्पष्ट गाइड लाइन दी है। इसके बावजूद भी स्कूल प्रबंधन द्वारा भिन्न-भिन्न आदि के नाम पर मनमानी राशि वसूली जाती है। - प्रत्येक शिक्षण संस्था में पालक शिक्षक संघ का गठन किया जाना अनिवार्य हैं परंतु संस्थाएं इससे बचती हैं। गठन की आनिवार्यता का पालन कराया जाए।

### सीएमओ ने किया नपा कार्यालय का औचक निरीक्षण

मंदसौर। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन ने मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ प्रभारी कार्यालय अधीक्षक अजय मारोठिया भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान श्री सुमन ने कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्यालय में कोई भी फाइल लंबित न रहे और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि नगर पालिका में आने वाली आम जनता के साथ कर्मचारियों का व्यवहार शालीन होना चाहिए और लोगों को अपने जायज काम के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

# विधानसभा क्षेत्र में विद्युतीकरण, आंगनवाड़ी केंद्रो व जलप्रदाय योजना पर गत 5 वर्षों में करोड़ों रुपए हुए व्यय

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा

विधानसभा क्षेत्र में विगत पांच वषो में विद्युतीकरण के 54 करोड़ रु से अधिक की लागत से 803 कार्य स्वीकृत हुए है।

विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दी विधानसभा क्षेत्र में नवीन व क्षमतावृद्धि वाले ट्रांसफार्मर,नवीन विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना को लेकर विधायक डॉ पांडेय द्वारा उठाये गए विषय पर मंत्री तोमर ने बताया कि जावरा विधानसभा क्षेत्र में विगत पांच वर्षों में 54 करोड़ 11 लाख रु की लागत के 803 कार्यो की स्वीकृति दी गई ।विधायक डॉ पांडेय की मांग पर 58 स्थानो पर विभिन्न कार्यो के प्रस्ताव दिए ।,जिसमे से 37 कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है। 19 कार्य प्रगतिरत है ।ग्राम जेठाना में 132/33 केवी अतिउच्च दाब विद्युत उपकेंद्र का प्रस्ताव पावर ट्रांसमिशन कम्पनी जबलपुर भेजा गया है ।,जिसकी स्वीकृति पश्चात कार्य किया जाएगा।

विधायक डॉ पांडेय के एक प्रश्न पर महिला व बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों के 11 भवन स्वीकृत किये गए, जिसमे से 3 का कार्य पूर्ण हो गया ,शेष कार्य प्रगति पर है ।आपने बताया कि क्षेत्र में 195 आंगनवाड़ी केंद्र भवनविहीन है। इसके अलावा बीते वर्षो इन आंगनवाड़ी केंद्रों में 14 लाख 44 हजार के मरम्मत कार्यो को भी स्वीकृत किया गया ।प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम लाला खेड़ा में 28 लाख रुपये की आंगनवाड़ी केंद्र का कार्य किया गया।

विधायक डॉ पांडेय ने नगर की पीलिया खाल प्रदूषण मुक्त कार्ययोजना एवं पिपलौदा में जल प्रदाय कार्ययोजना का विषय भी उठाया ।जिस पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि जावरा नगर में लगभग 8 करोड़ की लागत वाली पीलिया खाल प्रदूषण मुक्त कार्ययोजना का 85 फीसदी कार्य हो गया है ।एस टी पी प्लांट के लिए भूमि क्रय की जा चुकी है। जिसका कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा ।इस कार्ययोजना में अनियमितता की विभिन्न शिकायतों की जांच कराई जा रही है ।आपने पिपलौदा नगर की जल प्रदाय कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि 4 करोड़ 15 लाख रु की लागत से स्वीकृत मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना अंतर्गत मुख्य स्त्रोत जालन्धर खेड़ा तालाब में पर्याप्त पानी उपलब्ध नही होने पीने योग्य पानी नही होने से फिल्टर प्लांट चालू नही हो पाया है। विधायक

# विशेष कर संग्रहण शिविर 25 फरवरी को, करदाताओं से की सहभागिता की अपील

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलियामंडी

नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार नगर परिषद पिपलियामंडी द्वारा दिनांक 25 फरवरी 2026 को कार्यालय नगर परिषद परिसर में विशेष कर संग्रहण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य नगर के समस्त करदाताओं को एक ही स्थान पर कर संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं बकाया कर की वसूली सुनिश्चित करना है।

नगर परिषद अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में करदाताओं को अपने बकाया कर की जानकारी प्राप्त करने, रिकॉर्ड में त्रुटियों का सुधार करवाने, कर निर्धारण से जुड़ी समस्याओं के समाधान तथा मौके पर ही कर जमा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। नगर परिषद प्रशासन ने बताया कि शिविर में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जिससे करदाताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। परिषद का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक नागरिक शिविर का लाभ लेकर अपने कर संबंधी मामलों का निपटारा समय पर कर सकें। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी करदाता कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर विशेष कर संग्रहण शिविर का लाभ अवश्य लें और नगर के विकास कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। वहीं ष्टरूह्र प्रवीण सेन ने कहा कि समय पर कर जमा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, जिससे नगर में सड़क, प्रकाश, सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें। नगर परिषद पिपलियामंडी ने सभी करदाताओं से आग्रह किया है कि वे 25 फरवरी 2026 को आयोजित विशेष शिविर में पहुंचकर अपने बकाया कर का भुगतान करें।

## खबर एक नजर...

### भारतीय ज्ञान प्रणाली पर व्याख्यान आयोजित, विजेताओं को मिले पुरस्कार

मंदसौर। नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों और संकाय सदस्यों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर विशेष व्याख्यान एवं सारथी गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पीजी कॉलेज मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे.एस. दूबे ने बताया कि प्राचीन भारत शून्य, दशमलव प्रणाली, खगोल विज्ञान और टिकाऊ कृषि जैसे क्षेत्रों में विश्व का केंद्र रहा है। उन्होंने आधुनिक विज्ञान और प्राचीन खोजों के बीच के अंतसंर्बंधों को विस्तार से समझाया। उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानाडे ने कोयल और कौवे की प्रेरक कहानी के माध्यम से छात्रों को ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता और अच्छे व्यक्तित्व विकास का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अनमोल राजा बुंदेला व मधु भाटी तथा रंगोली प्रतियोगिता में महिमा मेहता व काजल मीना ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप तुरुकमाने ने किया और आभार डॉ. किरन सोनी ने व्यक्त किया।

### हीरा की बगीची में फाग उत्सव मनाया, दिखा भक्ति और रंगों का संगम

मंदसौर। स्थानीय हीरा की बगीची में गर्ग-केडिया परिवार द्वारा फाग उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति और रंगों का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन के दौरान पूरा परिसर पारंपरिक फाग गीतों और अबीर-गुलाल की खुशबू से महक उठा। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र राधा-कृष्ण और माता यशोदा की सजीव झांकी रही, जिसमें परिवार के बच्चों और सदस्यों ने आकर्षक श्रृंगार कर सबका मन मोह लिया। इस दौरान महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति दी और पारंपरिक होली गीतों पर जमकर नृत्य किया। हीरामणि गर्ग, आशा गर्ग और संगीता गर्ग सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी और फूलों की होली का आनंद लिया। अंत में सामूहिक प्रसादी वितरण के साथ इस धार्मिक और मांगलिक उत्सव का समापन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्वजन उपस्थित रहे।

### प्रदेश में शीघ्र लोक परिवहन सेवा योजना होगी प्रारंभ

**जावरा।** सोशल वर्कर डॉ. मदनलाल गांगले बताया है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा राज्य भर में₹ मुख्य मंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा योजना₹ के अंतर्गत राज्य परिवहन बसों का पुनः संचालन एवं चलाने का फैसला निश्चित ही तारीफे काबिल और सराहनीय कदम है । आपने बताया कि योजना का उद्देश्य यात्रियों को शांत सुलभ, सुरक्षित और सस्ती सेवायें देना है । योजना के अनुसार बस सेवायें सरकार के नियन्त्रण में रहेगी और अप्रैल माह 2026 से इसकी शुरूआत होगी । मुख्यमंत्री के इस फैसले से एवं योजना के लागू करने से निश्चित ही पुनः राज्य परिवहन की बसे धीरे धीरे अपने अस्तित्व में भी आ जाएगी, यात्रियों को अपने गंतव्य तक समय पर पहुंचाने में भरपूर सेवायें भी देगी ।

### पुलिस ने वाहनों पर काली फिल्म वालों के विरुद्ध की सख्त चालानी कार्रवाई

नीमच - दिनांक को श्रीमान कलेक्टर महोदय एंव श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आयोजित जिला सडक सुरक्षा समिति में परिबहन विभाग तथा यातायात विभाग को काली फिल्मधारी वाहन चालको तथा बिना हेलमेटधारी वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करने के आदेश दिये गये जिसके तारतम्य मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल, अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री किरण चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर एवं यातायात टीम द्वारा काली फिल्म धारी वाहन चालको के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई ।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा शिव जयंती महोत्सव आयोजित



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शिव जयंती महोत्सव के अंतर्गत संगम चौराहा स्थित बड़नगर सेवा केंद्र पर भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तहसीलदार रूपाली जैन, विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष बहन अनीता सतीश वर्मा थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रतलाम से पधारी राजयोगिनी मनोरमा दीदी ने की। मुख्य अतिथि तहसीलदारजैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भावनाओं और संकल्पों में सकारात्मक परिवर्तन कर जीवन की अनेक परिस्थितियों को बदला जा सकता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान के संपर्क में आने के बाद वे प्रतिदिन प्रातः सकारात्मक संकल्प के साथ दिन की शुरूआत करती हैं। सकारात्मक सोच से वातावरण प्रभावित होता है और दिन श्रेष्ठ बनता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राजयोगिनी मनोरमा दीदी ने की। उन्होंने कहा कि शिव भोलेनाथ संपूर्ण सृष्टि के नियंता होते हुए भी एक स्थान पर स्थित रहकर समस्त चराचर जगत को गतिशील बनाते हैं। परमात्मा की स्मृति में रहकर किए गए कर्म जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान करते हैं। जागरण का अर्थ सजगता से कार्य करना है। बेलपत्र के तीन पत्ते सृष्टि के स्थापना, पालन और विनाश के कर्तव्यों का प्रतीक हैं, तथा शिवलिंग पर त्रिपुंड तीनों लोकों के स्वामित्व का संकेत देता है। विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष बहन वर्मा ने कहा कि मातृशक्ति यदि परमात्मा की स्मृति में रहकर भोजन बनाती है तो वह भोजन प्रसाद रूप बनकर परिवार में श्रेष्ठ संस्कारों का संचार करता है। नामली से पधारी पार्वती दीदी ने शिव जयंती की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ तीन मिनट की परमात्म स्मृति से किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं दुपट्टे से ब्रह्माकुमारी नीलम बहन एवं आरती बहन द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन एवं शिव ध्वज फहराने के साथ सभी ने बुराइयों का त्याग कर अच्छाइयों को जीवन में धारण करने की प्रतिज्ञा ली।

## तिलकेश्वर महादेव मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य धार्मिक आयोजन

महिदपुर। पुलिस आवासीय परिसर स्थित प्राचीन श्री तिलकेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर जीर्णोद्धार, शिखर एवं कलश स्थापना की प्रथम वर्षगांठ श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के तहत 22 फरवरी को एक दिवसीय श्री रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया, जिसकी पूर्णाहुति 23 फरवरी 2026 को वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। पूर्व थाना प्रभारी राजवीर सिंह गुर्जर ने बताया कि वर्षगांठ अवसर पर रामायण पाठ पूर्णाहुति, यज्ञ नारायण पूजन, महाआरती एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। हवन-पूजन में राजवीर सिंह गुर्जर, अजीत सिंह गुर्जर, रामप्रकाश सिंह गुर्जर तथा बालकृष्ण जी सपत्नीक शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगर के छात्रावास में निवासरत छात्राएं, विभिन्न मंदिरों के पुजारीगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकार, सामाजिक-धार्मिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा व्यापारिक वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## इको वाहन से 80 किग्रा मछली जप्त, आरोपी पकड़ाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जिले के अफजलपुर थाना पुलिस ने इको वाहन क्र. एमपी 13 जेडएस 0584 से 80 किग्रा मछली जप्त की। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी रोहित पिता सत्यनारायण भोई निवासी चंदवासा थाना शामगढ़ को मछली का अवैध रूप से परिवहन करते हुए पकड़ा। सोमवार को आरोपी के खिलाफ अफजलपुर थाने पर बीएनएस की धारा 303(2) व 5 फिशरिज एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

**ट्रेक्टर ने बस को टक्कर मारी, यात्री घायल-** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गारियाखेड़ी व जग्गाखेड़ी के बीच अज्ञात व्यक्ति ने एक महिन्द्रा ट्रेक्टर नं. एमपी 14 एए 9794 को लापरवाही पूर्वक चलाकर झलारा से मंदसौर की ओर जा रही खाटू श्याम बस को सामने से टक्कर मार दी जिससे बस में सवार यात्रियों को चोंटे आने से घायल हो गये।

प्राप्त जानकारी अनुसार इस घटना की रिपोर्ट गफ्फार पिता सेराज खान निवासी नाहरगढ़ ने की है कि 23 फरवरी को उक्त ट्रेक्टर के अज्ञात चालक ने बस को टक्कर मार दी जिससे बस यात्रियों को चोंटे आई। पुलिस ने ट्रेक्टर के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

**सात दिन में वाहनों के दस्तावेज दुरुस्त करवाएँ, वर्ना होगी कार्यवाही-** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त स्कूल संचालक, ऑटो रिक्शा संचालक एवं मार्ग परमिट पर संचालित यात्री बस संचालक आगामी सात दिवस के अंदर संचालित समस्त वाहनों के दस्तावेज जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, मोटरयान कर, एच.एस.आर.पी नम्बर प्लेट, पी.यु.सी. आदि को दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करें।

### सड़क दुर्घटना में घायल मजहर लाला की मौत

**शुजालपुर।** आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर तीन दिवस पूर्व हुई भीषण सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दुध व्यवसायी मजहर लाला पिता मसूद खां निवासी कृष्णानगर शुजालपुर मंडी की उपचार के दौरान भोपाल में रविवार की रात को मृत्यू हो गई। गोंदी थाना आष्टा निवासी बद्रीप्रसाद पिता बावलजी परमार की घटना स्थल पर ही मृत्यू हो गई थी। साथ ही इस दुर्घटना में तीन अन्य घायल हुए थे। यह सड़क दुर्घटना किशोनी जोड के आगे 20 फरवरी की सुबह हुई थी, गोंदी निवासी ग्रामीण विवाह समारोह में शामिल होने के लिए शुजालपुर की और कार से आ रहे थे तो शुजालपुर सिटी दुध सग्रहण के लिए मजहर लाला जेठडा जोड की और जा रहे थे.

## आधी अधूरी चल रही स्टेट लाइट जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तनोडिया

नगर में मुस्लिम समाज के रमजान व अन्य त्योहार चल रहे है। वैसे तो स्ट्रीट लाइट वर्षों से लगी है जहां कहीं बार बीच में जिम्मेदारों के लापरवाही से बंद हो गई थी वहीं अब फिर स्टेट लाइट नई आबादी क्षैत्र,बाजार ,गली मोहल्ले,मेन बाजार, क्षेत्र में ही चल रही जहां उसमें भी कुछ गलियो में कई अन्य जगहों पर आधी अधूरी लाइट बंद पड़ी हुई है। और जहां लगी हुई है, वहां बल्ब लाइट खराब पडी हुई है जहां इसको लेकर कहीं बार सोशल मीडिया पर अभी जिम्मेदारों का अवगत कराया फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहे वही एक और नगर में से निकला आगर उज्जैन हाइवे रोड पर खीमाखेडी जोड से लगाकर रावण टेकरी तक रोड के ठेकेदार की लापरवाही की वजह से सर्विस रोड की दोनों तरफ की आधी अधुरी स्ट्रीट लाइट बंद पडी हुई है। जिससे आए दिन छोटी मोटी दुर्घटना तो घायल तक हो गये। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण उनके लिए आम बात हो गई है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन व स्थानीय ग्राम पंचायत से मांग कि है कि आधी अधुरी स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है,उसे ठीक करवाई जाए। जिससे आए दिन दुर्घटना और छोटी मोटी चोरी आम बात हो गई है। नगर में गत दिनों ग्राम पंचायत द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइट तेज हवा और बारिश के कारण खराब पड़ी हुई है। रहवासी नारायण सिंह, जीवन पतरोड, बग्दुलाल पतरोड, मुकेश पतरोड, महेश मालवीय पंच जीवन जमादार, राधेश्याम जमादार मांगुबाई पतरोड आदि ने संवाददाता को बताया कि हमारे मोहल्ले में नालिया भी क्षतिग्रस्त और रोड भी क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है।

## पीएम श्री स्कूल के विद्यार्थियों ने किया कुंडालिया बांध का भ्रमण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुसनेर

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं जल शुद्धिकरण प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से कुंडालिया बांध तथा स्थानीय वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थी कुंडालिया बांध पहुंचकर जल संग्रहण प्रणाली, सिंचाई व्यवस्था एवं बांध की संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत हुए। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि यह बांध क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति और कृषि सिंचाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों ने जल स्तर नियंत्रण, गेट संचालन और जल वितरण व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया, जहां उन्हें पानी को शुद्ध करने की विभिन्न प्रक्रियाओं–जैसे छनन, क्लोरीनीकरण एवं सुरक्षित संग्रहण–के बारे में विस्तार से समझाया गया। विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि किस प्रकार अशुद्ध जल को वैज्ञानिक प्रक्रिया के माध्यम से स्वच्छ एवं पेयजल में परिवर्तित किया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक के ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और विद्यार्थियों को इसके महत्व को समझते हुए समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने आयोजकों का सरहानीय कदम बताया

**शुजालपुर।** आष्टा रोड स्थित पाटीदार छात्रावास शुजालपुर में जिंदल अस्पताल भोपाल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने किया तथा अध्यक्षता समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जे पी परमार ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, न्यास अध्यक्ष हरिचरण मंगलावत मौजूद रहे। इस शिविर में बडी संख्या में क्षेत्र से नागरिकों ने शामिल होकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# दीपिका कक्कड़ को फिर लिवर कैंसर होने का डर

13 एमएम का सिस्ट डिटेक्ट हुआ, बीते साल ऑपरेशन के बाद कैंसर फ्री हुई थीं





एक बार कैंसर को मात दे चुकीं एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ को फिर लिवर कैंसर होने का डर सता रहा है। पिछले साल एक्ट्रेस के सेकेंड स्टेज का लिवर कैंसर हुआ था। जून 2025 में 14 घंटे की सर्जरी में उनके लिवर और गालब्लेडर का 22 प्रतिशत हिस्सा निकाल दिया गया था। हालांकि अब एक्ट्रेस को फिर एक सिस्ट हो गया है, जिससे एक्ट्रेस डरी हुई हैं।

दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम ने हाल ही में अपने नए व्लॉग में बताया है कि एक्ट्रेस को 20 फरवरी को पेट में तेज दर्द हुआ था, जिसके बाद वो हॉस्पिटल पहुंचे। सीटी स्कैन करने पर पता चला कि पेट में 13 एमएम का सिस्ट है। व्लॉग में शोएब ने कहा, कल तक सब ठीक था, इसको पेट में दो दिनों से दर्द था। कल रात को दर्द बढ़ गया। हम हॉस्पिटल गए। डॉक्टर्स ने बोला सीटी स्कैन करते हैं। थोड़ा सा इसको वापस से सिस्ट बोल लो या कुछ और 13 एमएम का हो गया है। इस पर दीपिका ने कहा, अभी के लिए उसे सिस्ट ही बोल रहे हैं। पेट के साथ वैसा ही दर्द कंधे पर भी दो दिन से हो रहा है। इसलिए वो हम दोनों के लिए अलार्मिंग था। ये क्यों हो रहा है पता नहीं। शोएब ने कहा, जो डर था हमें, जो डॉक्टर ने बोला था पिछली बार कि पुअरली एग्रेसिस ट्यूमर जो था उसके फिर होने के चांस होते हैं। लेकिन अभी अर्ली स्टेज है। दिसंबर में जो पैट स्कैन किया था, वो उस वक्त नहीं था।

**जल्द शुरू होगा एक्ट्रेस का ट्रीटमेंट-** व्लॉग में शोएब-दीपिका ने बताया है कि डॉक्टर्स के कहने पर जल्द ही इसका ट्रीटमेंट शुरू होगा। इसके लिए कोई मेजर सर्जरी नहीं होगी। लेजर के जरिए सिस्ट को जलाया जाएगा। इसके लिए एक्ट्रेस को 3-4 दिनों तक अस्पताल में भर्ती होना पड़ेगा। मंगलवार यानी 24 फरवरी को उनका प्रोसीजर होने वाला है।

**बीते साल हुआ था स्टेज-2 लिवर कैंसर-** एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ बीते साल सेलिब्रिटी मास्टर शेफ का हिस्सा थीं। हालांकि तबीयत बिगड़ने के बाद उन्होंने शो छोड़ दिया था। उन्हें कंधे में तेज दर्द बना हुआ था। जांच करवाने में सामने आया कि उनके लिवर में एक टेनिस बॉल जितना बड़ा सिस्ट है। जांच में ये भी सामने आया कि ये एक तरह का कैंसर है। जून 2025 में एक्ट्रेस का 14 घंटे का ऑपरेशन हुआ था, जिसमें उनके लिवर और गालब्लेडर का 22 प्रतिशत हिस्सा काटकर अलग कर दिया गया। एक्ट्रेस कैंसर फ्री हो गई थीं। हालांकि अब उन्हें डर है कि कहीं दोबारा उन्हें इसका सामना न करना पड़े।



## रणवीर की धुरंधर 2 में इमरान हाशमी की एंट्री

### बड़े साहब के रोल को लेकर सस्पेंस, विलेन बनेंगे या कहानी में लाएंगे ट्विस्ट

बॉलीवुड की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक धुरंधर 2: द रिवेंज के बारे में बड़ी खबर सामने आई है। रणवीर सिंह की इस ब्लॉकबस्टर सीक्वल फिल्म में अब एक सस्पेंस कर देने वाला अपडेट आया है, जो बड़े साहब के किरदार से जुड़ा है। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और फिल्म जगत में इस किरदार को लेकर खूब चर्चाएं चल रही थीं, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक इस बार बड़े साहब की भूमिका में इमरान हाशमी के शामिल होने की बात सामने आई है।

पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि बड़े साहब दाऊद इब्राहिम जैसे असली गैंगस्टर या कुछ बड़े सपोर्टिंग किरदार से इंस्पायर हो सकता है। लेकिन अब सामने आए लीक कास्ट लिस्ट में इमरान हाशमी का नाम शामिल होने से फैंस के बीच उत्साह और बढ़ गया है। हालांकि, यह जानकारी अभी फिल्म के मेकर्स द्वारा आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। यानी यह कहना जल्दबाजी होगा कि इमरान हाशमी बड़े साहब का किरदार निभा रहे हैं या वे किसी अन्य रोल में होंगे।

फिल्म में इमरान हाशमी की एंट्री की खबर ने सोशल मीडिया पर तेज प्रतिक्रियाएं पैदा कर दी हैं। चर्चा इस बात की हो रही है कि इमरान फिल्म में मुख्य खलनायक की भूमिका में होंगे या कहानी में कोई अलग मोड़ लेकर आएंगे। पहले भी कई अफवाहें थीं कि धुरंधर 2 में बड़े साहब दाऊद इब्राहिम या किसी और कुख्यात नाम पर आधारित हो सकता है, लेकिन अब इस कयास पर थोड़ा सस्पेंस बना हुआ है।

धुरंधर 2 के निर्देशक आदित्य धर की पहली फिल्म धुरंधर ने पिछले साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की थी। यह फिल्म भारत और विदेशों में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने में सफल रही और रणवीर सिंह के करियर की एक नई ऊंचाई साबित हुई। वहीं, सीक्वल की तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं और इसके टीजर तथा प्रोमो को भी दर्शकों ने खूब सराहा है।



## इटली वेकेशन की तस्वीर से मचा बवाल

### मलाइका अरोड़ा और हर्ष मेहता की नजदीकियों पर फिर तेज हुई चर्चा

बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। इटली वेकेशन से सामने आई एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वह कथित बॉयफ्रेंड हर्ष मेहता के साथ नजर आ रही हैं। वैलेंटाइन वीक के दौरान दोनों के साथ समय बिताने की खबरों ने पहले ही चर्चाओं को हवा दी थी, और अब ट्रेवी फाउंटेन के सामने ली गई एक तस्वीर ने अफवाहों को और तेज कर दिया है।

वायरल हो रही तस्वीर में मलाइका अरोड़ा रोम के प्रसिद्ध ट्रेवी फाउंटेन के सामने खड़ी दिखाई दे रही हैं। वह अपने कथित बॉयफ्रेंड हर्ष मेहता की ओर झुकी हुई नजर आती हैं, जबकि हर्ष सेल्फी लेते दिख रहे हैं। दोनों ने सादगी भरे लेकिन स्टाइलिश आउटफिट पहने हुए हैं। मलाइका ने ब्लैक ट्रेंच कोट के साथ ड्यूई मेकअप और मैसी बन कैरी किया है, जबकि हर्ष ग्रे लॉन्ग कोट और हुडी में नजर आ रहे हैं। तस्वीर में दोनों की सहज केमिस्ट्री ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। हालांकि मलाइका या हर्ष की ओर से अब तक इस रिश्ते की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन तस्वीर के वायरल होते ही फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं। कई यूजर्स ने इसे वैलेंटाइन गेटअवे बताया, तो कुछ ने इसे महज दोस्ती करार दिया। कमेंट सेक्शन में बधाइयों से लेकर जिज्ञासापूर्ण प्रतिक्रियाओं तक, हर तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

यह पहली बार नहीं है जब दोनों को लेकर अफवाहें उड़ी हों। पिछले वर्ष अक्टूबर में मलाइका को मुंबई में एनरिक इग्लेसियस के कॉन्सर्ट में एक मिस्ट्री मैन के साथ देखा गया था, जिन्हें बाद में हर्ष मेहता बताया गया। कार्यक्रम के दौरान दोनों को बातचीत करते देखा गया था। हालांकि वे अलग-अलग निकलते नजर आए, लेकिन पैपराजी कैमरों ने दोनों की मौजूदगी को कैद कर लिया, जिसके बाद डेटिंग की खबरें फैलने लगीं।

### द केरल स्टोरी 2 टीम का बड़ा दावा : 30 पीड़ितों को मीडिया के सामने पेश किया

## प्रोड्यूसर बोले- जबरन धर्मांतरण की सच्चाई देश को जाननी चाहिए



फिल्म द केरल स्टोरी-2: गोस बियॉन्ड को लेकर सोमवार को राजधानी दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। फिल्म निमार्ता विपुल अमृतलाल शाह और निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए फिल्म के विषय और उसके पीछे की कथित वास्तविक घटनाओं की वजह से उठा विवाद दोनों पर विस्तार से बात की।

**33 पीड़ितों की मौजूदगी-** प्रेस कॉन्फ्रेंस मेंनिमार्ता विपुल शाह ने 30 से अधिक लोगों को पेश किया जिन्हें उन्होंने जबरन धर्मांतरण का वास्तविक शिकार बताया। शाह के अनुसार ये पीड़ित देश के विभिन्न भागों, जैसे बंगाल, बिहार, भिलवाड़ा, गंगापुर, राजकोट, मेयर, मुंबई, भोपाल, झारखंड, दिल्ली-एनसीआर सहित कई जिलों से आए थे। इन लोगों ने मीडिया के सामने अपनी व्यक्तिगत दर्दनाक कहानियाँ सुनाईं।

**पीड़ितों की आपबीती-** झारखंड की नेशनल शूटर तारा शाहदेव समेत कई महिलाओं ने मंच पर आकर अपनी कहानी साझा की। तारा ने बताया कि कैसे एक व्यक्ति ने उसे झांसे में लेकर शादी का झांसा दिया और बाद में सत्य सामने आने पर उसने पुलिस का सामना कर कई कानूनी जद्दोजहदें झेली। उनकी बातों से साफ हुआ कि वह खुद को मजबूर, धोखे में और अकेला महसूस कर चुकी हैं।

**निमार्ता विपुल शाह ने क्या कहा-** विपुल शाह ने कहा कि जबसे पहली फिल्म द केरल स्टोरी सामने आई थी, लोग लगातार यह कहते रहे कि लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण भारत में नहीं हो रहे। शाह ने जोर देकर कहा कि यही दुनिया के सामने दिखाना उनकी अगली फिल्म का उद्देश्य है। उन्होंने कहा, हमने इन पीड़ितों को अपने साथ लाया ताकि वे खुद अपनी जबानी उस दर्द को दुनिया से साझा कर सकें।

**निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह का बयान-** निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह ने बताया कि ऐसी जरूरतमंद महिलाएं हैं जिन्होंने महसूस किया कि वे बेबस हैं। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म इसी तरह के उन अनुभवों पर आधारित है, जिन्हें आज भी भारत में महिलाएं झेल रही हैं।

**विवाद की पृष्ठभूमि-** द केरल स्टोरी-2 रिलीज से पहले से ही विवादों की भेंट चढ़ चुकी है। ट्रेलर में एक सीन में एक महिला को जबरन गोमांस खिलाए जाने वाले दृश्य को लेकर विवाद छिड़ा है। इसे लेकर फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप ने फिल्म को प्रोपेगैंडा बताया है और कहा कि यह समाज में विभाजन को बढ़ावा देती है।

इसके अलावा, फिल्म का रिव्यू और सेंसर बोर्ड के निर्णय पर अदालत में याचिका भी दायर है, जिसमें लोग फिल्म के प्रमोशनल कंटेंट पर सवाल उठा रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि फिल्म में दर्शाया गया कथानक समाज में अलग-अलग समुदायों के बीच गलतफहमियां बढ़ा सकता है।

दिल्ली में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस ने टद केरल स्टोरी-2ट को फिर से राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला दिया है। जहां फिल्म के निमार्ता इसे वास्तविक पीड़ित कहानियों के जरिये सामाजिक समस्या पर प्रकाश डालने वाला प्रोजेक्ट बताते हैं, वहीं विरोधी इसे कट्टर-साम्प्रदायिक प्रोपेगैंडा और विभाजनकारी बताया करते हैं। विवाद जारी है, और फिल्म 27 फरवरी 2026 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने को तैयार है।

### भारत सेमीफाइनल में कैसे पहुंचेगा, रन रेट सुधारने के लिए बड़े अंतर से जीत जरूरी

# एक और हार टूर्नामेंट से बाहर कर देगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



वेस्टइंडीज ने सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 के अपने पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को 107 रन से हरा दिया। इस जीत ने भारत की परेशानी बढ़ा दी है। भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले मैच में 76 रन से हार गई थी। ग्रुप की टॉप-2 टीम को ही सेमीफाइनल में जगह मिलेगी। समझिए, भारत को सेमीफाइनल में एंट्री कैसे मिलेगी।

**अगर भारत दोनों मैच जीतता है-**
अगर भारत वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों को हरा देता है, तो उसके चार पॉइंट्स हो जाएंगे।
अगर साउथ अफ्रीका अपने बाकी बचे दोनों मैच जीत जाता है, तो इंडिया और साउथ अफ्रीका दोनों सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेंगे। अगर इंडिया दोनों मैच जीत जाता है और साउथ अफ्रीका अपना एक मैच हार जाता है, तो तीन टीमें चार पॉइंट्स पर बराबर हो सकती हैं। उस मामले में क्वालिफिकेशन नेट रन रेट से तय होगा। अगर इंडिया अपने दोनों मैच जीत जाती है और साउथ अफ्रीका अपने दोनों मुकाबले हार जाता है, तो इंडिया और वेस्टइंडीज सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएंगे।

**अगर भारत सिर्फ एक मैच जीतता है-** केवल एक जीत से भारत के पास सेमीफाइनल में पहुंचने के चांस ना के बराबर हो जाएंगे, चाहे बाकी परिस्थितियां कैसी भी हों।

**वेस्टइंडीज को हराना आसान नहीं होगा-** भारतीय टीम को इस टी-20 वर्ल्ड कप में अपना अगला मुकाबला 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना है। अंतिम मैच में 1 मार्च को टीम वेस्टइंडीज का सामना करेगी। वेस्टइंडीज के गेंदबाज और बल्लेबाज दोनों ही शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। टीम अभी तक खेले अपने सभी 5 मैच जीती है।

**साउथ अफ्रीका का अगला मैच वेस्टइंडीज से-** साउथ अफ्रीका ने भारत को हराकर मजबूत शुरुआत कर ली है। अब उसे वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना है। टीम बाकी बचे दोनों मैच जीत लेती है तो सेमीफाइनल में उसकी स्थिति लगभग पक्की हो जाएगी।

**सुपर-8 में 12 में से 4 मैच हो गए-** सुपर-8 स्टेज में 4-4 टीमों के 2 ग्रुप बने हैं। हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेने है। यानी एक ग्रुप में 6 मैच होंगे। इस तरह दोनों ग्रुप को मिलाकर 12 मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें से 4 मैच खेले जा चुके हैं। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में एंट्री करेंगी। 4 मार्च को पहला सेमीफाइनल होगा, वहीं 5 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। इन्हें जीतने वाली टीम 8 मार्च को फाइनल में भिड़ेगी।

### छठे सुपर-8 मुकाबले में आज श्रीलंका-न्यूजीलैंडः न्यूजीलैंड का पहला मैच बेनतीजा, श्रीलंका को इंग्लैंड ने हराया; दोनों टीमों को जीत चाहिए

टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 स्टेज का छठा मैच आज श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में शाम 7 बजे से शुरू होगा। जबकि मैच का टॉस 6.30 बजे होना है।
श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड आगे श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच 28 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए। 16 में न्यूजीलैंड और 6 में ही श्रीलंका को जीत मिली। 2 मुकाबले टाई रहे, जबकि एक बेनतीजा रहा। दोनों के बीच आखिरी टी-20 2025 में हुआ था। तब श्रीलंका ने 218 रन बनाए थे, न्यूजीलैंड 211 रन ही बना सका। पाथुम निसांका श्रीलंका के टॉप बैटर पाथुम निसांका ने टूर्नामेंट में श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 5 मैचों में 154.07 की स्ट्राइक रेट से 208 रन बनाए। एक पारी में उनका बेस्ट 100* रन रहा है। वहीं, गेंदबाजी में महीश तीक्षणा टीम के लिए टॉप विकेट टेकर रहे। उन्होंने 5 मैचों में 7.12 की इकोनॉमी से रन खर्च करते हुए 8 विकेट हासिल किए।
लॉकी फर्ग्यूसन न्यूजीलैंड के टॉप विकेट टेकर न्यूजीलैंड के लिए टिम साइफर्ट ने इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 4 मैचों में 167.96 की स्ट्राइक रेट से 173 रन बनाए। उनका बेस्ट स्कोर 89* रहा। वहीं, लॉकी फर्ग्यूसन न्यूजीलैंड के लिए टॉप विकेट टेकर रहे हैं। उन्होंने 4 मैचों में महज 9.67 की इकोनॉमी से 4 विकेट लिए हैं।
पिच रिपोर्ट कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम की सरफेस स्पिन गेंदबाजी के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। नई गेंद के साथ शुरूआत में यहां गेंद बल्ले पर ठीक-ठाक आती है। लेकिन गेंद अपनी चमक खोने के बाद मिडिल ओवर्स में जबरदस्त स्पिन करती है। इस पिच पर पहली पारी में 160 रन बनाना विनिंग टोटल होता है। कोलंबो में 3-4% बारिश की आशंका 25 फरवरी को कोलंबो में मौसम गरम और बादल वाला रहेगा। बारिश की संभावना बहुत कम है। यहां अधिकतम तापमान 31 डिग्री रहने का अनुमान है।

### पाकिस्तान का क्वालिफिकेशन दूसरों के भरोसे

## आज श्रीलंका-न्यूजीलैंड के लिए करो या मरो का मुकाबला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। टीम ने मंगलवार को ग्रुप-2 में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया और नॉकआउट राउंड में एंट्री की। 2010 और 2022 की चैंपियन टीम ने लगातार पांचवें एडिशन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।
दूसरी ओर पाकिस्तान सुपर-8 स्टेज में एक भी मैच नहीं जीत सका। टीम को अब क्वालिफाई करने के लिए श्रीलंका के खिलाफ आखिरी मैच जीतने के साथ न्यूजीलैंड के हारने की दुआ भी करनी होगी।
ग्रुप-1 पॉइंट्स टेबल में फिलहाल वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका 2-2 पॉइंट्स के साथ टॉप-2 पोजिशन पर हैं। भारत और जिम्बाब्वे आखिरी 2 पोजिशन पर हैं, दोनों का रन रेट माइनस में है। भारत को सीधे क्वालिफाई करने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे, साथ ही साउथ अफ्रीका के वेस्टइंडीज के खिलाफ जीतने की उम्मीद भी करनी होगी। भारत अगर आखिरी दोनों मैच जीत गया और वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को हरा दिया तो 3 टीमों के 4-4 पॉइंट्स हो जाएंगे। ऐसे में क्वालिफाई करने के लिए भारत को अपना रन रेट बाकी टीमों से बेहतर रखना होगा। भारत अगर एक भी मैच हारा तो टीम नॉकआउट की रेस से बाहर हो जाएगी। साउथ अफ्रीका अब वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। टीम एक भी मुकाबला हारी तो उन्हें अपना रन रेट बेहतर रखना होगा। दोनों मैच हारने पर टीम बाहर हो जाएगी।

## रिंकू के पिता अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलीगढ़

क्रिकेटर रिंकू सिंह टीम इंडिया का साथ छोड़कर घर लौट गए हैं। दरअसल, लिवर कैंसर से जूझ रहे रिंकू के पिता खानचंद सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई। फिलहाल वे ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती हैं।
न्यूज एजेंसी के मुताबिक जब रिंकू को पिता के बारे में जानकारी मिली, उस वक्त वे चेन्नई में थे। इडउक के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि रिंकू प्रैक्टिस सेशन में भी शामिल नहीं हुए।
परिवार में आई मेडिकल इमरजेंसी के कारण रिंकू का 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना भी मुश्किल लग रहा है। क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह को फोर्थ स्टेज का लिवर कैंसर है। उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद घरवालों ने उन्हें ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा वन के यथार्थ अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल के मुताबिक- खानचंद सिंह को तत्काल इलाज की जरूरत थी। उन्हें क्छव में रखा गया है। डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर रख रही है।








**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547




**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

'एआई के नाम पर

# नकल विवाद पर सेबी की नसीहत




## कहा- कॉपी करना छोड़, खुद इनोवेट करें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सेबी के कार्यकारी निदेशक ने कंपनियों को दूसरों की नकल न करने और अपना इनोवेशन बढ़ाने की सलाह दी है। इसके अलावा, एनएसई जल्द ही नैनो-सेकंड ट्रेडिंग शुरू करेगा।

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में बाजार नियामक सेबी के कार्यकारी निदेशक सुनील कदम ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में एक चीनी कंपनी की ओर से बनाए गए रोबोटिक कुत्ते को अपना नवाचार बताकर पेश किए जाने की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस घटना की चर्चा करते हुए हुए कहा कि है कि भारतीय बाजार में भी दूसरों की 'नकल' करने से बचने और खुद के इनोवेशन पर जोर देने जरूरत है।

**रिसर्च पर जोर और एआई को अपनाना है जरूरी –** सुनील कदम ने शनिवार को 21 फरवरी को कहा कि ग्लोबल समिट में किसी चीनी उत्पाद को अपना बताकर पेश करना सही नहीं है, हमें अपने खुद के इनोवेशन करने चाहिए। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए भारत को अनुसंधान और विकास में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। कदम ने भरोसा जताया कि भारत में इनोवेशन के क्षेत्र में लीडर बनने की पूरी क्षमता मौजूद है। व्यापार के बदलते स्वरूप पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में बिजनेस मॉडल को पूरी तरह बदल देगा। इसके मद्देनजर बाजार को वैल्युएशन और तकनीक के सर्वोत्तम इस्तेमाल के तरीके समझने होंगे।

## नई दवाओं के लॉन्च से घरेलू फार्मा सेक्टर को मिलेगी रफ्तार

# सरकार ने 4405 करोड़ का कबाड़ बेचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने सोमवार को बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत वर्ष 2021 से जनवरी 2026 तक कबाड़ की बिक्री से कुल 4,405.28 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई है। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के अनुसार, केवल दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच कबाड़ निपटान से 200.21 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है।

विभाग ने जानकारी दी कि जनवरी 2026 के दौरान स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 5,188 कार्यालयों में 81,322 फाइलों की छंटाई की गई। इसके साथ ही सचिवालय सुधार का 27वां संस्करण शासन और प्रशासन में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से चल रही पहलों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करता है। डीएआरपीजी के मुताबिक, जनवरी माह में देशभर के 5,188 स्थानों पर सफाई अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया, जिससे लगभग 4.34 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान खाली कराया गया। इसमें कोयला मंत्रालय ने 1,88,687 वर्ग फुट और भारी उद्योग मंत्रालय ने 62,129 वर्ग फुट स्थान खाली कर महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**अगले तीन साल में फार्मा सेक्टर में मजबूत ग्रोथ की उम्मीद–** घरेलू दवा बाजार में आने वाले तीन वर्षों में मजबूत वृद्धि देखने को मिल सकती है। इसका मुख्य कारण नई दवाओं, खासकर जीएलपी-1 आधारित दवाओं के लॉन्च को माना जा रहा है। सिस्टमैटिक्स रिसर्च की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का घरेलू फार्मास्युटिकल सेक्टर इस अवधि में उच्च सिंगल-डिजिट दर से बढ़ सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत के ब्रांडेड फॉर्मुलेशन बाजार में ग्रोथ जीएलपी-1 दवाओं के बढ़ते उपयोग और लॉन्च से तेज होने की उम्मीद है। इससे उन भारतीय फार्मा कंपनियों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है, जिनकी घरेलू बाजार में मजबूत मौजूदगी है।

हालांकि, रिपोर्ट में यह भी संकेत दिया गया है कि अमेरिकी जेनेरिक दवा कारोबार से होने वाली कमाई अधिकांश कंपनियों के लिए निकट भविष्य में स्थिर रह सकती है। इसके बावजूद घरेलू बाजार की मांग, नए उत्पादों की लॉन्चिंग और क्रॉनिक थेरेपी सेगमेंट की बढ़ती हिस्सेदारी भारतीय दवा कंपनियों की कुल वृद्धि को सहारा दे सकती है।

**विजिनजम पोर्ट के लिए केरल सरकार के 2,000 करोड़ रुपये का समझौता ज्ञापन–** केरल सरकार ने रणनीतिक समुद्री अवसंरचना में सार्वजनिक क्षेत्र की उपस्थिति मजबूत करने की दिशा में सोमवार को एक अहम कदम उठाते हुए अदाणी विजिनजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर एकीकृत लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम विकसित करने के लिए तीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) के साथ 2,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

ये समझौते मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन की उपस्थिति में विधानसभा परिसर में औपचारिक रूप से किए गए, जो यह संकेत देते हैं कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर संचालित इस बंदरगाह में मुख्य अवसंरचना पर सार्वजनिक निगरानी बनाए रखने की नीति अपनाई जा रही है।


सरकार के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य विजिनजम को केवल एक ट्रांसशिपमेंट सुविधा से आगे बढ़ाकर एक विविधीकृत लॉजिस्टिक्स और समुद्री सेवाओं के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है, जिससे राज्य के समुद्री व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला क्षमता को दीर्घकालिक मजबूती मिल सके।

### भारत-कनाडा सीईपीए समझौता एक साल में संभव उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने जताई उम्मीद

- भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता अगले एक वर्ष के भीतर अंतिम रूप ले सकता है। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने यह उम्मीद जताई है, हालांकि पहले वार्ताओं में देरी होती रही है।
- द कैनेडियन प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की संभावित भारत यात्रा से पहले पटनायक ने कहा कि बदलते भू-राजनीतिक हालात और विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग की जरूरत को देखते हुए 12 महीने की समयसीमा में समझौता संभव है।
- उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में दोनों देशों ने कई मुक्त व्यापार समझौतों पर काम करने का अनुभव हासिल किया है, जिससे बातचीत की प्रक्रिया पहले की तुलना में तेज हो सकती है। प्रस्तावित उएढअ को भारत और कनाडा के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को नई गति देने वाला अहम समझौता माना जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की ओर से

## अवैध घोषित किए गए टैरिफ वसूलना बंद कर देगा अमेरिका




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा एजेंसी ने मंगलवार से टैरिफ वसूलना बंद करने की बात कही है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा एजेंसी ने बताया है कि वह मंगलवार को पूर्वी मानक समय के अनुसार रात 12:01 बजे (0501 जीएमटी) से अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत लगाए गए शुल्कों की वसूली रोक देगी, अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इन शुल्कों को अवैध घोषित किए जाने के तीन दिन से अधिक समय बाद यह खबर सामने आई है। एजेंसी ने अपने कार्गो सिस्टम मैसेजिंग सर्विस (सीएसएमएस) पर शिपर्स को एक संदेश में कहा कि वह मंगलवार से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पूर्व आईईईपीए-संबंधित आदेशों से जुड़े सभी टैरिफ कोड को निष्क्रिय कर देगी। आईईईपीए के तहत टैरिफ वसूली पर रोक, ट्रंप द्वारा शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए टैरिफ के स्थान पर एक अलग कानूनी अधिकार के तहत 15% का नया वैश्विक टैरिफ लगाने के साथ मेल खाती है। सीबीपी ने इस बात का कोई कारण नहीं बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कई दिनों बाद भी वह प्रवेश बंदरगाहों पर शुल्क क्यों वसूलना जारी रखे हुए है, और उसके संदेश में आयातकों के लिए संभावित धनवापसी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। संदेश में कहा गया है कि वसूली पर रोक से ट्रंप द्वारा लगाए गए किसी अन्य टैरिफ पर कोई असर नहीं पड़ेगा, जिसमें धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और धारा 301 अनुचित व्यापार व्यवहार कानून के तहत लगाए गए टैरिफ शामिल हैं। एजेंसी ने कहा, सीबीपी आवश्यकतानुसार सीएसएमएस संदेशों के माध्यम से व्यापार समुदाय को अतिरिक्त मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

## होली पर इस साल कारोबारियों की होगी बल्ले-बल्ले

# 80 हजार करोड़ का बिक्री का कैट ने किया दावा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



खंडेलवाल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में त्योहार आर्थिक गतिविधियों को काफी हद तक बढ़ावा देते हैं और बड़े पैमाने पर व्यावसायिक अवसर पैदा करते हैं। उन्होंने कहा, 'इस बार की होली से देशभर के व्यापारियों, खुदरा विक्रेताओं, छोटे व्यवसायों, कुटीर उद्योगों और एमएसएमई क्षेत्र को पर्याप्त लाभ पहुंचाने के साथ-साथ स्वदेशी व्यापार की भावना के मजबूत होने की उम्मीद है।'

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि आगामी होली के त्योहार से इस वर्ष पूरे भारत में 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ये पिछले वर्ष के अनुमानित 60,000 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने की अपील के कारण इस होली पर बाजारों में भारत में बने उत्पादों का दबदबा है। भारत में निर्मित हर्बल गुलाल, प्राकृतिक रंग, पिचकारी, गुब्बारे, पूजा सामग्री, चंदन, परिधान और विभिन्न उत्सव संबंधी वस्तुओं की मांग में भारी वृद्धि देखी जा रही है, जबकि चीनी वस्तुओं की बाजार में मांग 2021 से काफी कम हो गई है।

होली समारोह के लिए बैंक्वेट हॉल, फार्महाउस, होटल, रेस्तरां और सार्वजनिक पार्क लगभग पूरी तरह से बुक हो चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली में 3 मार्च को 'होलिका दहन' और 4 मार्च को रंगों का त्योहार मनाया जाएगा। उपभोक्ता तेजी से हर्बल और प्राकृतिक रंगों को पसंद कर रहे हैं, जबकि बच्चे विशेष रूप से 'स्पाइडरमैन' और 'छोटा भीम' जैसे पात्रों वाली पिचकारियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

सीएआईटी के अनुमानों के अनुसार, अकेले दिल्ली में त्योहारी व्यापार 15,000 करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। शहर भर के बाजारों में भारी भीड़ उमड़ रही है, क्योंकि दुकानों में रंग-बिरंगे गुलाल, आकर्षक पिचकारी, गुजिया और त्योहारी उपहार पैक प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

### 'वोकल फॉर लोकल' अभियान से मिला स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा

होली से जुड़ी वस्तुओं के साथ-साथ, बाजारों में मिठाइयों, सूखे मेवों, उपहारों, फूलों, फलों, कपड़ों, फर्नीचर के कपड़ों, किराना सामान, एफएमसीजी उत्पादों और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की भी भारी मांग देखी जा रही है। होली खेलने के लिए सफेद टी-शर्ट, कुर्ता-पायजामा और सलवार सूट, साथ ही 'हैप्पी होली' प्रिंट वाली टी-शर्ट की भी खूब बिक्री हो रही है।

### देशभर में बड़ी संख्या में हो रहे होली समारोह

सीएआईटी ने कहा, 'मिठाई की दुकानों में भी मांग में भारी उछाल देखा जा रहा है, खासकर गुजिया जैसी पारंपरिक होली की मिठाइयों की।' खंडेलवाल ने कहा कि देशभर में होली का उत्सव बड़े पैमाने पर आयोजित होता है। अकेले दिल्ली में ही व्यापारिक संगठनों, सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संगठनों द्वारा 3,000 से अधिक होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा

# भारत इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में एचसीएल-फॉक्सकॉन की इंडिया चिप सेमीकंडक्टर परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम में वर्चुअली हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना देश में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में एचसीएल-फॉक्सकॉन संयुक्त उद्यम परियोजना इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के ग्राउंडब्रेकिंग समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। यह परियोजना देश में सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर एक बुनियादी तकनीक है, जिसके विकसित होने से देश में कई तरह के विनिर्माण क्षेत्रों का विस्तार संभव होता है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग बहु-स्तरीय ढांचे की तरह होता है और अब यह काम जेवर की इस भूमि पर आगे बढ़ेगा, जिससे भारत के तकनीकी और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

वैष्णव ने यह भी कहा कि पिछले करीब 11.5 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरा है। जहां पहले देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग नगण्य थी, वहीं अब इसका आकार करीब 12 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है और भारत के कुल निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स तीसरे स्थान पर आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में सेमीकंडक्टर वही ताकत रखते हैं, जो 20वीं सदी में तेल के पास थी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटे से चिप की सप्लाई चेन की कमजोरी ने दुनिया को इसकी अहमियत समझाई और भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए चिप निर्माण में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य तय किया है।

# 277 हस्तियों ने AI-समिट में शर्टलेस प्रदर्शन की निंदा की

## इनमें पूर्व हाईकोर्ट जज, पूर्व राजदूत, सेना-पुलिस के रिटायर्ड अफसर शामिल


### बयान में कहा- प्रदर्शन देश की छवि खराब करने वाला

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश की 277 हस्तियों ने अकइम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस कार्यकताओं के ह्लशर्टलेसह्व (कमीज उतारकर) विरोध प्रदर्शन की निंदा की है। इनमें पूर्व हाईकोर्ट जज, सेवानिवृत्त अफसर, पूर्व राजदूत, सेना और पुलिस के रिटायर्ड वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

इन हस्तियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि यह प्रदर्शन राष्ट्रीय गरिमा के खिलाफ, सोची-समझी हरकत और बिना सोच-विचार की राजनीति का उदाहरण है। बयान पर हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस बी सी पटेल समेत 26 पूर्व जज, 102 रिटायर्ड अफसर इनमें 11 पूर्व राजदूत, 149 पूर्व सैन्य और पुलिस अधिकारियों ने दस्तखत किए हैं। दरअसल, 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर अक समिट के दौरान शर्टलैस होकर ढट मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी इज कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे।



जब दुनिया के बड़े टेक्नोलॉजी नेता, उद्योगपति और विदेशी प्रतिनिधि भारत के भविष्य की भूमिका देखने के लिए जमा हुए थे, तब इस तरह का प्रदर्शन देश की छवि खराब करने वाला था। प्रदर्शन का मकसद दुनिया के निवेशकों और साझेदार देशों को यह दिखाना था कि भारत में अस्थिरता है। उन्होंने ऐसी राजनीतिक संस्कृति को मिलकर अस्वीकार करने की अपील की, जो देश को बदनाम करने में गर्व महसूस करती है। इंटरनेशनल और हाईलेवल कार्यक्रम में इस तरह का विरोध करना दिखाता है कि कुछ लोग देश की प्रतिष्ठा से ज्यादा अपनी राजनीति को महत्व देते हैं। यह कोई अचानक हुआ विरोध नहीं था, बल्कि पहले से सोची-समझी साजिश थी। इस तरह का प्रदर्शन देश के वैज्ञानिकों की मेहनत, इंजीनियरों की उम्मीदों और 140 करोड़ भारतीयों का अपमान है। क्यूआर कोड के जरिए कार्यक्रम स्थल में प्रवेश कर कपड़े उतारकर नारेबाजी करना सुरक्षा और शिष्टाचार दोनों का उल्लंघन है। इसे राष्ट्रविरोधी बताया गया, जिससे दुनिया के सामने गलत मैसेज गया। लोकतांत्रिक विरोध करना अधिकार है, लेकिन देश को बदनाम करना सही नहीं है। असली राजनीतिक विरोध संसद और तर्क के जरिए होना चाहिए, न कि विदेशी मेहमानों के सामने इस तरह के प्रदर्शन से।

## गुजरात के मेहसाणा में ट्रक के नीचे आकर सुसाइड किया

ब्रह्मास्त्र ›› मेहसाणा

गुजरात के मेहसाणा शहर में 18 फरवरी की रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। अब इस मामले में खुलासा हुआ है कि यह हादसा नहीं, बल्कि सुसाइड का मामला था। इसका इस सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें युवक को खुद ही ट्रेलर के नीचे कूदते देखा जा सकता है।

सीसीटीवी की विस्तृत जांच के बाद मेहसाणा बी डिवीजन पुलिस ने इसे सुसाइड का मामला दर्ज किया है। मृतक युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के रहने वाले सत्यपाल बाबूराम के रूप में हुई है। हालांकि, अब तक सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल सका है। मेहसाणा बी डिवीजन पुलिस थाने से मिली जानकारी के मुताबिक, यूपी के बदायूं का रहने वाला सत्यपाल बाबूराम बुधवार की रात (18 फरवरी) राधनपुर चौराहे के पास से गुजर रहा था। उसी दौरान सड़क पर गुजर रहे एक ट्रेलर के टायरों के नीचे कुचलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही बी डिवीजन पुलिस ने जांच शुरू की। तीन दिन पुलिस को इसका सीसीटीवी फुटेज मिला।

फुटेज की जांच में पता चला कि सत्यपाल किसी दुर्घटना का शिकार नहीं हुआ था, बल्कि वह सुसाइड करने के इरादे से ही दौड़कर ट्रेलर के टायरों के नीचे कूद गया था। टायर उसके ऊपर से गुजरे और करीब पांच फीट तक उसके शरीर को घसीटते हुए ले गए, जिससे उसकी कमर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। इस सबूत के आधार पर पुलिस ने अब इस मामले को दुर्घटना के बजाय आत्महत्या करार दिया है।

## अंडमान में समुद्र में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग:तकनीकी खराबी आई

ब्रह्मास्त्र ›› श्री विजयापुरम

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में मंगलवार सुबह 9.30 बजे एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। घटना के समय उसमें 5 यात्री और 2 पायलट सवार थे। इनमें 3 महिला, 3 पुरुष और एक बच्चा मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि पवन हंस कंपनी के हेलिकॉप्टर ने सुबह 8.30 बजे पोर्ट ब्लेयर से अंडमान के मायाबंदर के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर के मायाबंदर पहुंचने के पहले ही उसमें खराबी आ गई। इसके बाद रनवे से 300 मीटर पहले ही समुद्र में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग कराई गई। नागरिक उड्डयन निदेशक नितेश रावत ने बताया कि घटना में दोनों पायलट और 5 यात्री घायल हुए हैं। सभी को मायाबंदर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केंद्र सरकार की हेलिकॉप्टर सेवा कंपनी पवन हंस के प्रवक्ता ने बताया कि घटना के बाद पोर्ट ब्लेयर से राहत हेलिकॉप्टर भेजा गया था। मामले की जांच कराई जा रही है। एक दिन पहले ही झारखंड के चतरा में एयर एंबुलेंस क्रैश में 7 लोगों की मौत हुई थी। प्लेन के दोनों पायलट भी मारे गए थे।

## झारखंड: चतरा में प्लेन क्रैश, 7 की मौत

23 फरवरी की रात रांची से दिल्ली जा रही रेडबर्ड एयरवेज कंपनी की एयर एंबुलेंस झारंखड के चतरा में कसियातु जंगल में क्रैश हुई थी। घटना में प्लेन सवार सभी 7 लोगों की मौत हुई। एबुलेंस ने शाम 7.11 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। 7:34 बजे कोलकाता एटीसी से संपर्क टूट गया। रात 8:05 बजे रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर एक्टिव किया गया। मरने वालों में प्लेन के दोनों पायलट कैप्टन विवेक, कैप्टन सबराजदीप, मरीज संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी, भगीना ध्रुव कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, एक पैरामेडिक सचिन कुमार मिश्रा शामिल हैं।

## राजस्थान में दिन का तापमान 35° पहुंचा: मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा में बारिश-ओलावृष्टि

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

राजस्थान में फरवरी में ही तेज गर्मी का असर दिखने लगा है। दिन का तापमान 35° तक पहुंचा है। यहां बाढ़मेर का तापमान इतना रहा। 20 से ज्यादा शहरों का तापमान 30° या इससे ज्यादा रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन में अधिकतम तापमान में 2° से 3° की बढ़ोतरी हो सकती है। राज्य में मिनिमम टेम्परेचर 16° के आस-पास है।

इधर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा में बारिश और ओलावृष्टि का असर है। MP में लो प्रेशर एरिया और दो ट्रफ के असर के चलते 10 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। इस दौरान शिवपुरी में ओलेवृष्टि भी हुई।



उत्तराखंड में केदारनाथ धाम, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग में लगातार दूसरे दिन बर्फबारी हुई। इसके साथ ही चमोली के गोपेश्वर में बारिश हुई। 3 जिलों उत्तरकाशी, चमोली, और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट है। इनमें सोमवार को दिल्ली में मौसम सामान्य से ज्यादा गर्म रहा। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 30 सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से 5त्उ ज्यादा था। पालम का अधिकतम तापमान 28.6 रहा।

**मौसम का अनुमान- 25 फरवरी:** हिमाचल प्रदेश में मौसम पूरी तरह साफ और शुष्क रहेगा, मैदानी क्षेत्रों में तापमान सामान्य से ऊपर और गर्माहट वाली स्थिति बनी रहेगी।

**26 फरवरी:** बारिश का संकेत नहीं, निचले और मैदानी इलाकों में शुष्क और बढ़ता तापमान रहेगा, कोहरा न्यूनतम या अनुपस्थित होगा।

## चार्टेड प्लेन ऑपरेटर्स के लिए नियम सख्त: विमान कितना पुराना, उसकी मेंटीनेंस हिस्ट्री बतानी होगी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

एविएशन पर नजर रखने वाली संस्था DGCA ने नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर (चार्टेड प्लेन, एयर एंबुलेंस) के लिए नियम सख्त कर दिए हैं। अब ऑपरेटर्स को अपनी वेबसाइट पर प्लेन की मेंटीनेंस हिस्ट्री को सार्वजनिक करना होगा। इसके साथ ही यह भी बताना होगा कि विमान कितना पुराना है। दरअसल झारखंड में एक चार्टेड प्लेन के क्रैश होने के बाद DGCA ने मंगलवार को ऐसे सभी ऑपरेटरों के साथ एक मीटिंग की। मीटिंग में ऑपरेटर्स को उनके सेफ्टी रिकॉर्ड के आधार पर रैंक करने का भी प्रस्ताव दिया गया है। हालांकि यह रैंकिंग डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) की वेबसाइट पर डाली जाएगी।

### श्रद्धालुओं ने रुमाल और हाथों से कैमरे ढंकने की कोशिश की

# गुजरात में आसाराम ने साधकों से घर-घर जाकर की मुलाकात: मीडिया को देख चेहरा छिपाया

ब्रह्मास्त्र ›› वलसाड

दुष्कर्म के केस में आजीवन उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम मंगलवार को गुजरात के वलसाड पहुंचे। यहां वे अपने साधकों से घर-घर जाकर मुलाकत करने नजर आए। उनके समर्थकों ने मीडिया को इस कार्यक्रम को कवर करने से रोक दिया। कुछ लोगों ने मीडियाकर्मी का मोबाइल फोन छीनने की भी कोशिश की।

समर्थकों ने मीडिया को कवरेज करने से क्यों रोका, इसका सही कारण पता नहीं चल पाया है। इस पूरी घटना को दिव्य भास्कर डिजिटल टीम ने कैमरे में कैद कर लिया। आसाराम ने सरदार हाइट्स बिल्डिंग, पालीहिल, प्रमुख पार्क, भाकगाडावाड़ा, रामजी मंदिर के पीछे, कोसंबा रणछोड़जी मंदिर इलाकों का दौरा कर साधकों से मुलाकात की। 6 महीने की जमानत मिली है रेप केस में सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट के बाद गुजरात हाईकोर्ट से भी जमानत मिली हुई है। कोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर 6 महीने के लिए जमानत देते हुए सजा स्थगित कर दी है।

गुजरात हाईकोर्ट में पिछले साल दिसंबर में हुई सुनवाई के दौरान आसाराम उर्फ आशुमल (86) के वकील देवदत्त कामत ने कोर्ट को बताया था कि आसाराम 13 साल से जेल में बंद है। हिरासत प्रमाण-पत्र के अनुसार उसने छूट सहित कुल 12 साल, 11 महीने और 27 दिन की सजा काट ली है। जबकि वास्तविक हिरासत अवधि 11 साल, 6 महीने और 3 दिन की है।? वकीलों के पक्ष सुनने के बाद गुजरात हाईकोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर आसाराम को 6 महीने की जमानत दी है। दोनों अदालतों ने उनकी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति और उम्र को ध्यान में रखते हुए राहत प्रदान की है।?

### आसाराम 2 मामलों में गुनहगार

जोधपुर कोर्ट: आसाराम को जोधपुर पुलिस ने इंदौर के आश्रम से साल 2013 में गिरफ्तार किया था। इसके बाद से आसाराम जेल में बंद था। पांच साल तक लंबी सुनवाई के बाद 25 अप्रैल 2018 को कोर्ट ने आसाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

गांधीनगर कोर्ट: आसाराम के खिलाफ गुजरात के गांधीनगर में आश्रम की एक महिला ने रेप का मामला दर्ज करवाया था। कोर्ट ने 31 जनवरी 2023 को इस मामले में आसाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

## अमेरिका के न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर के टॉयलेट जाम:

# 45 मिनट लाइन में लगना पड़ रहा, मरम्मत के लिए टेक्नीशियन और सैनिकों में झड़प

### एयरक्राफ्ट पर 600 से ज्यादा टॉयलेट मौजूद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

ईरान की तरफ बढ़ रहा अमेरिकी न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जेराल्ड फोर्ड एक अलग ही संकट से जूझ रहा है। जहाज के ज्यादातर टॉयलेट जाम हो चुके हैं। इससे 4,500 से ज्यादा नौसैनिकों को रोज 45 मिनट तक लाइन में लगना पड़ रहा है। संकरी पाइपलाइन और वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम की डिजाइन में खामी के चलते टॉयलेट बार-बार जाम हो रहे हैं। जहाज वैक्यूम-बेस्ड सीवेज सिस्टम पर चलता है, जिसमें एक वाल्व खराब होने से पूरे डिपार्टमेंट का टॉयलेट सिस्टम बंद हो जाता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेक्नीशियन और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबर है, क्योंकि मरम्मत करने वाले इंजीनियर रोज लगभग 19 घंटे काम कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टॉयलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी।

यूएसएस जेराल्ड फोर्ड 600 से ज्यादा मौजूद है, जो 10 अलग-अलग जोन में बंटे हैं। यह एयरक्राफ्ट कैरियर बीते आठ महीने से समुद्र में है, लगातार ऑपरेशनल मूवमेंट की वजह से रूटीन मेंटेनेंस नहीं हो पाया है। करीब 13 बिलियन डॉलर की लागत से बना यह युद्धपोत दुनिया का सबसे महंगा माना जाता है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर को 2017 में कमीशन किया गया था।

### क्या है मुसीबत की वजह बना वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम?

सीवेज समस्या के पीछे जिस तकनीक का जिक्र हो रहा है, उसे वैक्यूम-बेस्ड श्उळळ सिस्टम कहा जाता है। यह आम घरों में इस्तेमाल होने वाले टॉयलेट सिस्टम से बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है। पूरा नाम वैक्यूम कलेक्शन, होल्डिंग एंड ट्रांसफर सिस्टम है। यह खास तरह का सीवेज मैनेजमेंट सिस्टम होता है, जो बड़े जहाजों और क्रूज शिप में लगाया जाता है। इसका मकसद कम पानी में टॉयलेट वेस्ट को इकट्ठा करना और सुरक्षित तरीके से स्टोर व ट्रांसफर करना होता है।



### कैसे काम करता है?

घर के टॉयलेट में फ्लश करने पर पानी के दबाव और गुरुत्वाकर्षण (ग्रैविटी) से गंदगी नीचे सीवर में चली जाती है। लेकिन समुद्र में चलने वाले जहाजों पर ऐसा सिस्टम पूरी तरह कारगर नहीं होता

सिस्टम में फ्लश दबाते ही पाइप में वैक्यूम (सक्शन) बनता है। यह सक्शन गंदगी को खींचकर पाइप के जरिए एक बड़े टैंक तक पहुंचा देता है। बाद में उस वेस्ट को प्रोसेस या डिस्पोज किया जाता है। इसे ऐसे समझें जैसे वैक्यूम क्लीनर धूल को खींच लेता है। यहां भी वही तकनीक टॉयलेट सिस्टम में लागू होती है।

## 2025 से समुद्र में तैनात है जेराल्ड आर. फोर्ड

जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है, लेकिन सैन्य गतिविधि बढ़ने पर इसे बढ़ाया भी जाता है। फोर्ड परमाणु रिएक्टर से संचालित है और इसमें 75 से ज्यादा सैन्य विमान तैनात किए जा सकते हैं।

इनमें एफ-18 सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट और ई-2 हॉकआई जैसे अर्ली वार्निंग विमान शामिल हैं। इसमें अत्याधुनिक रडार सिस्टम भी लगा है, जो हवाई यातायात और नेविगेशन को नियंत्रित करने में मदद करता है।

अमेरिका और ईरान के बीच लगातार तनाव बढ़ रहा है। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में F-35, F-22, F-15 और F-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वॉड्रन तैनात की हैं। बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं। हाल के हफ्तों में एयर डिफेंस सिस्टम भी इलाके में लगाए गए हैं

विमानवाहक पोत पर हजार से ज्यादा लोग महीनों तक समुद्र में रहते हैं। ऐसे में पानी सीमित होता है, जगह कम होती है। साथ ही पाइपलाइन सीधी नहीं, कई दिशा में जाती है। इसलिए कम पानी में काम करने वाला और लचीला सिस्टम लगाया जाता है।

---

## अमेरिका का दावा-चीन ने 2020 में छिपकर न्यूक्लियर टेस्ट किया:6 साल में 400 परमाणु हथियार बनाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि चीन ने छह साल पहले 2020 में एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था। अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने सोमवार को कहा कि 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था।

यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली। येव ने इसे एक परमाणु विस्फोट बताया। उन्होंने कहा कि भूंकप माइनिंग विस्फोट से अलग थे। यह एक सिंगल फायर एक्सप्लोजन की तरह था, जो परमाणु परीक्षण की निशानी है।

येव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर अपनी परमाणु ताकत बढ़ाई है। उन्होने बताया कि 2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 200 से बढ़कर 600 से ज्यादा हो गए हैं। अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या 1,000 से ऊपर पहुंच जाएगी।

### अमेरिका का दावा- चीन अपने परमाणु जखीरे का विस्तार कर रहा

यह दावा ऐसे समय में आया है जब इस महीने अमेरिका और रूस के बीच का आखिरी बड़ा परमाणु समझौता न्यू स्टार्ट संधि खत्म हो गया है। इस संधि के खत्म होने के साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं हट गई हैं, जिससे नए न्यूक्लियर हथियारों की दौड़ की आशंका बढ़ गई है।

अमेरिका अब चीन और रूस से पारदर्शिता और खतरनाक हथियारों को सीमित करने की मांग कर रहा है, जबकि चीन इन आरोपों को बेबुनियाद बता रहा है। येव ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण (हथियारों का त्याग) कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि न्यू स्टार्ट समझौते की सबसे बड़ी कमी यह थी कि इसमें चीन के तेजी से बढ़ते और गोपनीय परमाणु कार्यक्रम को शामिल नहीं किया गया।

### अमेरिका, रूस और चीन के बीच तीन तरफा समझौता चाहते हैं ट्रम्प

पिछले कुछ सालों में परमाणु हथियारों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई विवाद हुए हैं। 2010 में अमेरिका और रूस ने न्यू स्टार्ट संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो दोनों देशों के रणनीतिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती थी। इस संधि के तहत दोनों देशों को अपने परमाणु वारहेड्स को 1,550 तक सीमित रखना था और मिसाइलों और बॉम्बर्स की संख्या पर भी पाबंदी थी। इस संधि में रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों, जैसे छोटी दूरी के हथियारों को शामिल नहीं किया गया था। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका, रूस और चीन के बीच तीन तरफा परमाणु समझौते की कोशिश की थी, लेकिन यह असफल रही। ट्रम्प ने 2020 में अमेरिका के परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की बात भी कही थी, हालांकि बाद में स्पष्ट किया गया कि इसमें विस्फोटक परीक्षण नहीं होंगे। 1992 के बाद अमेरिका ने कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है।

### ईरान का मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश, सब्जी मार्केट पर गिरा, पायलट समेत 4 लोगों की मौत

ईरान के इस्फहान प्रांत में मंगलवार को एक मिलिट्री हेलिकॉप्टर फल और सब्जी मार्केट पर गिर गया। हादसे में पायलट और को-पायलट समेत चार लोगों की मौत हो गई। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक, सेना का हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग पर था। क्रैश के बाद बाजार इलाके से धुआं उठता दिखा। घटनास्थल पर हादसे के बाद चारों तरफ मलबा बिखर गया। समाचार एजेंसी फार्स के अनुसार, बाजार में मौजूद दो नागरिकों की भी मौत हुई। ईरान में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरा सैन्य विमान हादसा है। इससे पहले पश्चिमी शहर हमेदान के पास एक एफ-4 फाइटर जेट क्रैश हुआ था, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई थी। ईरान में सैन्य और कमर्शियल विमानन बेड़ा काफी पुराना है। पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण विमान के स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति नहीं हो पाती है, जिसके चलते मेंटेनेंस और ऑपरेशन पर असर पड़ता रहा है।

---

### 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की कनाडाई नागरिकता रद्द करने की तैयारी

**कनाडा.** मुंबई 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की कनाडाई नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कनाडा सरकार ने आरोप लगाया है कि राणा ने नागरिकता आवेदन के समय निवास संबंधी गलत जानकारी दी थी। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी 26 फरवरी को भारत दौरे पर आने वाले हैं। ऐसे में ओटावा की यह कार्रवाई दोनों देशों के संबंधों को रीसेट करने की कोशिश के तौर पर देखी जा रही है। इससे पहले जस्टिन ट्रूडो सरकार के दौरान भारत-कनाडा संबंधों में तनाव रहा था। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा के मुताबिक राणा की नागरिकता आतंकवाद के आरोपों के कारण नहीं, बल्कि गलत जानकारी देने के आधार पर रद्द की जा रही है। राणा ने 2000 में नागरिकता के लिए आवेदन किया था। दावा किया था कि आवेदन से पहले चार साल तक ओटावा और टोरंटो में रहे।

## दावा- नॉर्वे के पूर्व PM ने आत्महत्या की कोशिश की

### एपस्टीन फाइल में नाम आया था; भ्रष्टाचार केस में 10 साल जेल हो सकती है

नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थोरब्योर्न जगलैंड को कथित तौर पर आत्महत्या की कोशिश के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना पिछले हफ्ते हुई।

कुछ खबरों में दावा किया गया कि नॉर्वेजियन एडिटर्स एसोसिएशन ने उनके वकील के साथ मिलकर इस मामले को सार्वजनिक न करने पर सहमति जताई थी। हालांकि कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उनकी गंभीर हालत का हवाला देते हुए यह खबर सामने आई।

यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है। जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है, जिसमें अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है।

उनके वकील की फर्म एल्डेन लॉ फर्म ने उठठ को पुष्टि की कि उन पर गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप तय हुआ है, लेकिन उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है।




नॉर्वे की आर्थिक अपराध जांच एजेंसी 'ओकोक्रिम' इस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी के डायरेक्टर पॉल लोनसेथ ने कहा कि उनके खिलाफ जांच की मजबूत वजह मिली है। जांच के तहत ओस्लो स्थित उनके घर और दो अन्य प्रॉपर्टी की तलाशी ली गई।

एजेंसी ने यह भी कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है

### जगलैंड ने कहा था- एपस्टीन से रिश्ता गलत फैसला था

जगलैंड 1996-1997 के बीच नॉर्वे के प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा वे विदेश मंत्री, नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी के चेयरमैन (2009-2015) और यूरोप की मानवाधिकार संस्था काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव (2009-2019) भी रह चुके हैं। जगलैंड ने कहा है कि एपस्टीन से उनके संबंध 'गलत फैसला' या 'खराब समझ' का नतीजा थे, लेकिन उन्होंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे और चाहते हैं कि सच्चाई पूरी तरह सामने आए। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से 30 जनवरी को जारी दस्तावेजों से पता चला कि जगलैंड और उनका परिवार कई बार एपस्टीन की पेरिस, न्यूयॉर्क और पाम बीच वाली प्रॉपर्टी पर गए थे। यह भी सामने आया कि एपस्टीन ने उनसे बड़े नेताओं, जैसे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कराने में मदद मांगी थी।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

**बाएं से दाएं**
1. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण-4
4. पंजाब की एक नदी-4
7. अनाथालय-5
9. दूसरा, पराया-2
11. चलने का तरीका-2
12. नृत्य-2
13. समीप, पास, नजदीक-3
15. बुरी आदत-2
16. नृत्य करना-3
17. प्रलोभन, हवस, तृष्णा-3
18. मालिक, ईश्वर-2
19. निहित, कारण-3
21. भाग्य (अंग्रेजी-2)
23. थूक, लेस2
24. नवीन, नव-2
25. नयापन, अनूठापन-5
29. नामवाला, नामचिन-4
30. करिश्मा, चमत्कार-4

**ऊपर से नीचे**
1. मनोरचना, मनगढ़ंत-4
2. कोक, कहवा-2
3. कामदेव की पत्नी-2
4. मित्र, दोस्त-2
5. पेड़ का मध्यम भाग-2
6. नादानी, अनाड़ीपन-4
8. बंदर नचाने वाला-3
10. रचना करने वाला-5
11. आचरण, चरित्र-5
13. कपड़े की दीवार-3
14. उठा ले जाना, बलपूर्वक-3
18. पूजा, प्रार्थना-4
20. खूबसूरत, सुंदर-3
22. कहर, भूचाल-4
25. नया, जीवन-2
26. शूर, बहादुर, सूरमा-2
27. अवधि में, पर्यंत-2
28. मृत, अप्रबल-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | थ | न | ■ | सी | था | प | न |
| झ | ■ | ■ | अ | क | र | ■ | ■ | म |
| ल | ■ | आ | र | ■ | त | र | ■ | की |
| क | म | र | बं | द | ■ | म | हा | न |
| ■ | ग | ■ | द | ■ | प | ■ | जि | ■ |
| म | न | का | ■ | प | रि | वा | र | क |
| द | ■ | का | र | ■ | चा | ल | ■ | ह |
| म | ■ | ■ | ह | प | ल | ■ | ■ | वा |
| ला | र | ही | न | ■ | क | हा | नी | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | | 26 | | 64 | | 44 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 32 | | 63 | | 50 | | 15 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 4 | | 40 | | 10 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 22 | | 11 | | 8 | | 17 | = | 33 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 32 | | 74 | | 46 | | 36 | = | 79 / 21 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ब | र | बो | ए | श्री | रा | प | ला | नी | क्ष |
| धु | है | क | ज | ई | ठे | ने | ह | ई | म | ल |
| म | क्या | दि | ल | ने | क | हा | ड | सा | प | वि |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | न | इ | ही |
| को | ई | मे | रे | दि | ल | से | पु | छे | क | भि |
| द | जे | कि | र | क | पा | का | म | ब | रि | या |
| शी | मा | दे | प्या | र | था | य | अ | म | क | ती |
| ट | टे | श | रे | न | प | य | यु | धु | य | ला |
| स | दि | ल | मो | ले | दा | र | जा | वा | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ह | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | ब | गा | ख | रा | ज | त | र | ग |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | 6 | 2 |
| | 31 | 1 | 25 | 5 | 33 | |
| 3 | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 27 | | 28 | 1 | 37 | 6 |
| 2 | | | 1 | | 5 | |
| | 36 | 6 | 37 | 3 | 35 | |
| | | 4 | | | 2 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पति - आज खाना
क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई
और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर
गिर गई थी और
आंख लग गई थी।

000000000

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो
पढ़ाई के पीछे भागो...
नींद झक मार के आएगी।

000000000

टीचर - भारत की सबसे
खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब
इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!

000000000

संता - पंजाब एक्सप्रेस
कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको
जाना कहां है?
संता - कहीं नहीं...
बस पटरी पर लेटकर
सेल्फी लेनी है।

000000000

सोनू मोनू आपस में बात
कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को
बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।

## रंग भरकर चित्र बनाओ





# मेक्सिको- गर्लफ्रेंड का पीछा कर ड्रग माफिया तक पहुंची

## एल मेंचो की मौत से 20 राज्यों में हिंसा, 25 सैनिकों समेत 32 की मौत

**मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। मेक्सिको के रक्षा मंत्री रिकार्डो ट्रेविला के मुताबिक मेंचो की लोकेशन का पता उसकी गर्लफ्रेंड के जरिए चला। सेना उसे लंबे समय से ट्रैक कर रही थी। एल मेंचो की मौत के बाद सोमवार को भी हिंसक प्रदर्शन हुए। इइउ के मुताबिक मेंचो के समर्थकों ने 20 राज्यों में हिंसा फैला दी। कई जगह रोडब्लॉक लगाए, गाड़ियों और 20 से ज्यादा सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई। जालिस्को में लॉकडाउन के हालात हैं। ये शहर फीफा 2026 के मेजबान शहरों में शामिल है। अलग-अलग शहरों में कम से कम 32 मौतें हुई हैं, जिसमें 25 सैनिक शामिल है। ऑपरेशन के दौरान सेना ने बख्तरबंद गाड़ियां और रॉकेट लॉन्चर सहित बड़ी संख्या में हथियार जब्त किए। सेना के ऑपरेशन के दौरान एल मेंचो घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा अन्य 8 अपराधी भी मारे गए।**

### मेंचो की गर्लफ्रेंड के साथी पर नजर रख रही थी सेना

ट्रेविला ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि खुफिया एजेंसियों ने एल मेंचो की गर्लफ्रेंड से जुड़े एक भरोसेमंद साथी की पहचान की थी। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई।

इसी व्यक्ति ने एल मेंचो की प्रेमिका को जालिस्को के पास एक कंपाउंड में पहुंचाया था, जिसका पीछा करते-करते सेना कैंपस तक पहुंच गई। जब महिला वहां से निकली तो अधिकारियों को यकीन हो गया कि भारी सुरक्षा के बीच एल मेंचो कंपाउंड के अंदर ही मौजूद है।

इसके बाद सुरक्षाबलों ने तुरंत ऑपरेशन शुरू कर दिया और एक दिन बाद पूरे इलाके को घेर लिया। उन्होंने बताया कि सेना की घेराबंदी के दौरान मेंचो के वफादार बंदूकधारियों ने सेना पर फायरिंग शुरू कर दी।


सेना ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें मेंचो घायल हो गया। उसके साथी उसे लेकर पास के जंगल में भाग गए। काफी मशक्कत के बाद सैनिकों ने उसे खोज निकाला। घायल माफिया को हेलिकॉप्टर से मेडिकल सेंटर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने और उसके दो बॉडीगार्ड ने दम तोड़ दिया।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जालिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (उखठऋ) का प्रमुख था। जालिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा









### मेक्सिको का मोस्ट वॉन्टेड ड्रग तस्कर

नाम: नेमेसियो रुबन ओसेगुएरा सर्वेंटेस उर्फ एल मेंचो

जन्म: 17 जुलाई 1966

ड्रग ग्रुप- जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (CJNG)

- बचपन में स्कूल छोड़ दिया और खेती शुरू कर दी।
- 1980 में अवैध रूप से अमेरिका पहुंचा। ड्रग गैंग से जुड़ा।
- ड्रग तस्करी मामलों में कई बार गिरफ्तार हुआ और डिपोर्ट किया गया।
- मेक्सिको लौटने के बाद मिलेनियो कार्टेल के साथ जुड़ गया।




- 2009-2011: मिलेनियो कार्टेल के टूटने के बाद एल मेंचो ने अपना गैंग बनाया।
- मेक्सिको के सबसे शक्तिशाली और हिंसक कार्टेल में से एक बन गया।
- CJNG फेंटेनिल, मेथमफेटामाइन, कोकीन और हेरोइन की तस्करी करता था।
- अमेरिकी ने गिरफ्तारी के लिए 136 करोड़ रुपए का इनाम रखा।

## पहले भी ऐसी हिंसक घटनाएं हुईं




**मेक्सिको में पहले भी जब किसी बड़े कार्टेल नेता को पकड़ा गया या मारा गया है, तब सरकार और कार्टेल के बीच हिंसक टकराव हुआ है। कई बार गिरोह के अंदर ही सत्ता की लड़ाई छिड़ जाती है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं।**

एक्सपर्ट्स का कहना है कि एल मेंचो की मौत से पहले 2016 में सिनाओला कार्टेल के सरगना एल चापो की गिरफ्तारी और 2024 में अल मायो की गिरफ्तारी के वक्त भी देश में ऐसा ही हुआ था। 2019 में जब अल चापो के बेटे ओविदियो गुजमान को पकड़ा गया था, तब उसके गुर्गों ने कुलियाकान शहर को घंटों तक बंधक बना लिया था और सरकार को उसे छोड़ना पड़ा था। इसलिए अब भी डर है कि हालात और बिगड़ सकते हैं। अब यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जालिस्को कार्टेल के पास नया नेता साफ तौर पर तय है या नहीं। अगर अंदरूनी लड़ाई शुरू हुई तो खून-खराबा और बढ़ सकता है।

## मेक्सिको पर एक्शन लेने को दबाव बना रहे थे ट्रम्प

जालिस्को कार्टेल (उखठऋ) कार्टेल 2009 में बना था। एल मेंचो की लीडरशिप में यह मेक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग नेटवर्क बन गया था। यह कोकीन, मेथामफेटामिन और हाल के वर्षों में फेंटानिल जैसी सिंथेटिक ड्रग्स अमेरिका भेजता था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मेंचों की मौत से मेक्सिको और अमेरिका के रिश्तों में सुधार हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मेक्सिको पर दबाव बना रहे थे कि वह कार्टेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वह सैन्य कार्रवाई पर भी विचार कर सकते हैं। इसी साल फरवरी में ट्रम्प एडमिनिस्ट्रेशन ने कार्टेल को विदेशी टेररिस्ट ऑर्गनाइजेशन घोषित किया। मेक्सिको सरकार ने साफ कहा है कि अमेरिकी हमले से देश की संप्रभुता का उल्लंघन होगा, लेकिन खुफिया जानकारी के स्तर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ा है।

### मेक्सिको से अमेरिका में होती है ड्रग तस्करी

मेक्सिको दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क का गढ़ माना जाता है, जहां से कोकीन, हेरोइन, मेथ और फेंटेनाइल जैसे बेहद खतरनाक ड्रग अमेरिका तक पहुंचते हैं। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक देश में ड्रग्स की सबसे बड़ी सप्लाई मेक्सिकन कार्टेल्स के जरिए होती है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा ड्रग मार्केट है। हर साल लाखों लोग नशे की लत के शिकार होते हैं और फेंटेनाइल जैसी दवाओं से हजारों मौतें होती हैं। अमेरिकी सरकार पर लगातार दबाव रहता है कि ड्रग तस्करी पर सख्त कदम उठाए जाएं और इसी वजह से उसकी नजर मेक्सिको में मौजूद कार्टेल्स पर रहती है। दूसरी तरफ, कार्टेल्स मेक्सिको में इतने शक्तिशाली बन चुके हैं कि कई इलाकों में वे पुलिस और सरकार को चुनौती देते हैं। हथियारबंद गिरोह, धमकी, भ्रष्टाचार और हिंसा के चलते स्थानीय प्रशासन भी कई बार उन्हें रोक नहीं पाता। कई कार्टेल्स तो अपने को शेडो गवर्नमेंट की तरह चलाते हैं।

### ट्रम्प भी ड्रग कार्टेल को खत्म करने की धमकी दे चुके

वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने धमकी देते हुए कहा कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया था कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का कब्जा है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97% तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी।

■ वर्ष-12 अंक-114 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र |राजस्थान |उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥


# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 25 फरवरी, 2026


## सुभाषितानि

गुरोर्यत्र परीवादो निंदा वापिप्रवर्तते।
कर्णौ तत्र विधातव्यो गन्तव्यं वा ततोऽन्यतः॥

**भावार्थ** : जहाँ गुरु की निंदा होती है, वहां उसका विरोध करना चाहिए। यदि यह शक्य न हो तो कान बंद करके बैठना चाहिए और (यदि) वह भी शक्य न हो तो वहां से उठकर दूसरे स्थान पर चले जाना चाहिए।

**अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन शलाकया।**
**चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः॥**

**भावार्थ** : जिसने ज्ञानांजनरुप शलाका से, अज्ञानरुप अंधकार से अंध हुए लोगों की आँखें खोली, उन गुरु को नमस्कार।


## सम्पादकीयम्

### कार्यालयस्य गौरवम्

व्यवधानं न सम्यक। संविधानं परम्परा च राज्यमन्त्रिमण्डलेन अनुमोदितं भाषणं अवश्यं दातव्यमिति आज्ञापयति। एतत् भाषणं राज्यपालस्य व्यक्तिगतं मतं न, अपितु निर्वाचितसर्वकारस्य नीतीनां आधिकारिकदस्तावेजम् अस्ति। संविधानानुसारं राज्यपालः मन्त्रिमण्डलस्य सल्लाहेन कार्यं करोति। सः सम्बोधनद्वारा स्वस्य व्यक्तिगतं मतं असहमतिं वा प्रकटयितुं न शक्नोति। कार्यालयस्य गौरवम्। भारतस्य संघीयव्यवस्थायां राज्यपालस्य स्थितिः संवैधानिकमान्यतानां पालनेन गभीररूपेण बद्धा अस्ति। सः संविधानस्य रक्षकरूपेण कार्यं कर्तुं अपेक्षितः, तस्य किमपि कार्यं राजनैतिकं न भविष्यति। सम्बोधने प्रथमवारं आक्षेपाः न उत्थापिताः। परन्तु कार्यालयस्य गौरवं तस्मिन् समये राज्यपालेन स्वकर्तव्यं कर्तव्यम् इति निर्दिशति। सदने स्थित्वा सम्बोधनं पठितुं नकारयित्वा राज्यपालस्य भूमिकायाः राजनीतिकरणं भवति। संतुलनस्य आवश्यकता वर्तते। एतौ घटनाद्वयं एकान्ते द्रष्टुं न शक्यते। ननु येषु राज्येषु विपक्षदलानां सत्ता वर्तते तेषु राज्यपालेन सह सम्मुखीकरणं सामान्यं जातम्। तमिलनाडुराज्यपालः पूर्वप्रसङ्गेषु स्वस्य सम्बोधनं पूर्णतया न पठित्वा विधानसभां त्यक्तवान्, केरलदेशे तु दीर्घकालं यावत् लम्बितस्य विधेयकस्य विषयः प्रचलति। गतवर्षे सर्वोच्चन्यायालयेन महत्त्वपूर्णनिर्णये उक्तं यत् राष्ट्रपतिस्य राज्यपालस्य वा विधेयकानाम् अनुमोदनस्य न्यायिकसमयसीमा निर्धारयितुं न शक्नोति। सः निर्णयः शक्तिसन्तुलनं प्रतिबिम्बयति।

**बोर्डपरीक्षां त्यक्त्वा विवादः उद्भवति इति**

## वैभव सूर्यवंशी इत्यस्य आरोपः थॉमस एडिसनस्य उद्धरणं वायरल् भवति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

चतुर्दशवर्षीयः क्रिकेटक्रीडकः वैभवसूर्यवंशी आईसीसी अण्डर-१९ विश्वकपं जित्वा प्रसिद्धिं प्राप्तवान् सः पुनः चचार्यां वर्तते। अस्मिन् समये कारणं तस्य क्रिकेट्-क्रीडायाः प्रदर्शनं न, अपितु १० कक्षायाः सीबीएसई-बोर्डपरीक्षायां तस्य अनुपस्थितिः एव। सः बिहारस्य समस्तीपुरस्य पोद्दार-अन्तर्राष्ट्रीयविद्यालये परीक्षायाः कृते उपस्थितः भवितुम् अर्हति स्म, परन्तु सः परीक्षाकेन्द्रे न दर्शितवान्, अनुपस्थितः इति चिह्नितः च।

तदनन्तरं वैभव सूर्यवंशी इत्यस्य आरोपणं कृत्वा एकं पोस्ट् सामाजिकमाध्यममञ्चे (पूर्वं ट्विर्ट्) इत्यत्र वायरल् अभवत्। तस्मिन् पोस्ट् मध्ये लिखितम् आसीत् यत्, एकं कागदपत्रं मम भविष्यस्य निर्णयं कर्तुं न शक्नोति - थोमस एडिसनः। एतेन कथितेन वक्तव्येन सामाजिकमाध्यमेषु बहसः उत्पन्नः। अनेके उपयोक्तारः शिक्षाव्यवस्थायाः विरुद्धं नकारात्मकसन्देशः इति व्याख्यां कृतवन्तः, अन्ये तु युवाक्रीडकस्य समर्थने प्रतिक्रियां दत्तवन्तः।

यथा यथा विषयः वर्धते स्म तथा तथा विद्यालयप्रशासनेन स्थितिः स्पष्टीकृता। पोद्दार अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय के प्राचार्य एन. सिन्हा समाचारसंस्थायाः एएनआई इत्यस्मै अवदत् यत् वैभवः परीक्षायाः कृते न उपस्थितः, अतः, सीबीएसई-नियमानुसारं सः अनुपस्थितः इति चिह्नितः। सः अपि अवदत् यत् सः क्रिकेट्-सम्बद्धप्रतिबद्धतायाः कारणेन परीक्षां त्यक्तवान् स्यात्, भविष्ये अग्रिमपरीक्षायाः कृते अपि उपस्थितः भवितुम् अर्हति इति। परन्तु वैभव सूर्यवंशी स्वयमेव इन्स्टाग्राम स्टोरी मार्गेण स्पष्टीकरणं जारीकृतवान् तदा विवादस्य नूतनं रूपं प्राप्तम्। सः स्पष्टीकरोति यत्'' इत्यत्र तस्य आधिकारिकं खातं नास्ति, तस्य नाम्ना यत् पदं भवति तत नकली इति। सः जनान् आह्वानं कृतवान् यत् ते नकलीखातेभ्यः साझां कृतं किमपि सामग्रीं विश्वासं न कुर्वन्तु। विगतमासेषु वैभवसूर्यवंशी क्रिकेट्-क्रीडायां तीव्रगत्या प्रगतिः अभवत् इति उल्लेखनीयम्। सः बिहार, इण्डिया ए, इण्डिया अण्डर-१९ दलस्य च कृते निरन्तरं क्रीडितः अस्ति।

**केवलं १० मासेषु १४,०००**

## रेलयात्रिकाणां कृते २९ लक्षरूप्यकाधिकं दण्डं संगृहीतम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

पश्चिममध्यरेलवे स्टेशनपरिसरस्य स्वच्छं, सुखदं, पर्यावरणसौहृदं च वातावरणं प्रदातुं निरन्तरं प्रयतते तथा च जबलपुर, भोपाल, कोटा विभागेषु सर्वेषु स्टेशनेषु रेलयानानि च। अस्मिन् विषये जबलपुर-भोपाल-कोटा-प्रभागेषु कचरा-प्रक्षेपणं प्राप्तानां यात्रिकाणां विरुद्धं रेल-अधिनियमस्य अन्तर्गतं कार्यवाही कृता अस्ति।

पश्चिममध्यरेलवेद्वारा कचराणां विरुद्धं दशमासात्मके अभियाने चालूवित्तीयवर्षस्य २०२५ तमस्य वर्षस्य एप्रिल-मासतः २०२६ जनवरीपर्यन्तं कुलम् १४,५८९ व्यक्तिः गृहीताः, कुलम् २९,६०,३४० रुप्यकाणां दण्डः च संग्रहितः २०२६ तमस्य वर्षस्य जनवरीमासे एव कचराणां विरुद्धे आरब्धे अभियाने कुलम् १,०९५ व्यक्तिः गृहीताः, कुलम् २,२५,२०० रुप्यकाणां दण्डः च संग्रहितः दण्डस्य अतिरिक्तं एतादृशानां व्यक्तिनां चेतावनी अपि दीयते। तेषां कृते कचराणां क्षतिः अपि सूचिता भवति, स्टेशनपरिसरं स्वच्छं स्थापयितुं च अनुरोधः क्रियते।

स्वच्छता जागरूकता एवं कार्य रेलप्रशासनं स्टेशनेषु रेलयानेषु च नियमितरूपेण सफाई सुनिश्चितं करोति, तथैव घोषणाद्वारा यात्रिकाणां जागरूकतां वर्धयति। यात्रिकाणां कृते स्टेशनपरिसरं स्वच्छं स्थापयितुं, धूम्रपानात् निवृत्तिः, कचराणां परिहारः च कर्तुं सल्लाहः दत्तः अस्ति। रेल-अधिनियमस्य अन्तर्गतं पुनः पुनः चेतावनीम् अददात् अपि ये एतान् नियमानाम् उल्लङ्घनं कुर्वन्ति तेषां विरुद्धं कार्यवाही क्रियते। रेलप्रशासनतः अपीलम् रेलमार्गप्रशासनं यात्रिकाणां कृते आह्वानं करोति यत् रेलमार्गः भवतः सम्पत्तिः अस्ति; कृपया रेलवे परिसरे कचरापातं कर्तुं निवृत्ताः भवन्तु।

## एबीवीपी-कार्यकर्तारः गृहविज्ञान महाविद्यालयस्य सम्मुखे प्रदर्शनं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे अखिलभारतीयविद्यार्थीपरिषदः अधिकारिणः कार्यकर्तारः च रानीदुर्गावतीविश्वविद्यालयसम्बद्धानां १९-बिन्दु-मागधानां विषये प्रदर्शनं कृतवन्तः। कार्यकर्तारः नेपियर-नगरात् गृह-विज्ञान-महाविद्यालयं प्रति मार्चं कृत्वा उच्चशिक्षामन्त्री इन्दरसिंहपरमाराय ज्ञापनपत्रं प्रदत्तवन्तः। एबीवीपी कार्यकताओं ने गृह विज्ञान महाविद्यालय के बाहर नारे उड़ाया। एबीवीपी-नगरस्य नगरमहासचिवेन उक्तं यत् एतासां माङ्गल्याः विषये परिषदः पूर्वं रानीदुर्गावतीविश्वविद्यालयप्रशासनाय ज्ञापनपत्रं प्रदत्तवती आसीत्। सः अपि अवदत् यत् दिवसद्वयात् पूर्वं विश्वविद्यालयप्रशासनं बुद्धिपूर्वकं कार्यं कर्तुं प्रोत्साहयितुं यज्ञस्य आयोजनं कृतम्, परन्तु ठोसकार्याणि न कृता।

## राशिफल

**मेष** : आपकी वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। प्रेम जीवन समृद्ध रहेगा, जिससे आपको अपने साथी के साथ बात करने में आसानी होगी।

**वृषभ** : 25 फरवरी के दिन आपके परिवार को सहयोगी होना चाहिए ताकि एक टीम वर्क बन सके।

**मिथुन** : 25 फरवरी के दिन अपने साथी के साथ क्वालिटी टाइम स्पेन्ड करें ताकि आप एक साथ गहरा कनेक्शन स्थापित कर सकें।

**कर्क** : 25 फरवरी के दिन आपके लिए अपने रिश्ते को अगले लेवल पर ले जाने का अच्छा समय है।

**सिंह** : अगर आप शादी के बारे में सोच रहे हैं तो आपको आर्थिक और भावनात्मक तौर पर सोच-विचार करने की जरूरत है।

**कन्या** : अपने पार्टनर को बेहतर तरीके से जानने के लिए साथ में कुछ अच्छा समय बिताना बेहतर होगा।

**तुला** : आपको कुछ नया करने का मौका भी मिलेगा। आपको अपने रिश्ते में रोमांस बनाए रखने की जरूरत है।

**वृश्चिक** : 25 फरवरी के दिन स्टॉक एक्स्पर्ट्स के साथ बात-चीत करते समय आपको सतर्क रहने की जरूरत है।

**धनु** : 25 फरवरी के दिन पता करें कि क्या आप अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति को मैनेज करने में सक्षम हैं?

**मकर** : आप अपनी इन्कम को अनावश्यक खर्चों में बर्बाद करेंगे तो आप इमर्जेंसी परिस्थितियों का सामना नहीं कर पाएंगे।

**कुंभ** : 25 फरवरी के दिन बचत करने की कोशिश करें क्योंकि यह आपके वर्तमान आय के स्तर को बनाए रखने में मदद करेगा।

**मीन** : 25 फरवरी के दिन आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। निवेश के अवसरों के लिए यह अच्छा है।

## ज्योतिष/वास्तु

## मंगल-राहु की युति से इन राशि वालों को मिलेगा विशेष लाभ, नए घर और नौकरी की होगी प्राप्ति

ज्योतिष में मंगल को युद्ध, भूमि और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। उनका गोचर व्यक्ति के साहस को बढ़ाता है। साथ ही जातक निडर बनता है। इसके अलावा मंगल अपने गोचर से भी राशियों पर विशेष कृपा बरसाते हैं।

23 फरवरी 2026 को मंगल देव कुंभ में गोचर कर लिया है। इस राशि में पहले से ही राहु विराजमान हैं, इसलिए मंगल का गोचर और भी प्रभावी रहने वाला है। बता दें, मंगल के कुंभ में आने पर राहु के साथ उनकी युति होगी, जिससे अंगारक योग का निर्माण होगा। इससे कुछ राशि वालों को लाभ, तो कुछ की परेशानियां बढ़ सकती हैं। परंतु इन 3 राशि वालों को अच्छे रिजल्ट मिलने की संभावना बनी रहेंगी। इन जातकों को विरोधियों से छुटकारा, नई नौकरी, भूमि-भवन की प्राप्ति हो सकती हैं।



चूंकि मंगल 40 से 45 दिनों के बाद ही अगली राशि में गोचर करते हैं, इसलिए उनका यह शुभ प्रभाव जातकों पर 45 दिनों तक बना रहेगा। ऐसे में आइए इन लकी राशियों के बारे में जानते हैं।

**मेष राशि** – ज्योतिषियों के मुताबिक, मेष राशि वालों के लिए यह समय बेहद शुभ संकेत लेकर आने वाला है। सभी प्रयासों के फल मिलेंगे और भाग्योदय होने से सुख-सौभाग्य बढ़ेगा। प्रगति और सफलता दिलाने वाली साबित हो सकती है। मेष राशि वालों के रुके हुए कार्यों में तेजी आएगी और धन लाभ के अच्छे योग बनेंगे। व्यापार में वृद्धि के संकेत हैं। नौकरीपेशा लोगों को आय बढ़ने या प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। अचानक धन लाभ के योग बन सकते हैं।

**कन्या राशि**– कन्या राशि वालों को धन लाभ हो सकता है और आपके सभी अटके कार्य पूर्ण होंगे। इस समय लंबे समय से जिस अवसर का इंतजार था, वह अब आपके सामने आ सकता है। नई नौकरी मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यह समय समझदारी से निर्णय लेने और अवसरों का पूरा लाभ उठाने का है। परिवार का सहयोग मिलेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशि** – इस समय वृश्चिक राशि वालों को लाभ के कई सुनहरे मौके मिल सकते हैं। नए लोगों से मुलाकात आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। धन लाभ के साथ-साथ सम्मान में भी वृद्धि होगी। कोई शुभ समाचार मन को प्रसन्न कर सकता है। व्यापार में नई योजनाएं सफल हो सकती हैं। साझेदारी के कार्यों में लाभ मिलेगा।

## खबर एक नजर...

### ड्रायवर को कुचलने वाले वाहन का नहीं चला पता

**उज्जैन।** इंदौररोड शिवांश एलिगेंस के सामने 10 फरवरी की रात 2 बजे के लगभग अज्ञात वाहन ने खंडवा के किशनपुरा हरसूद में रहने वाले ड्रायवर अमित पिता राजू रायकवार को कुचल दिया था। ड्रायवर की मौके पर मौत हो गई थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया था। पिछले 14 दिनों से वाहन की तलाश जारी थी, लेकिन वाहन और चालक दोनों का पता नहीं चल पाया। मंगलवार को पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। एसआई मनोहर बडोदिया के अनुसार दुर्घटनास्थल के आसपास भक्त निवास का काम चल रहा है। मार्ग कुछ स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद थे, वहीं आसपास कई स्थानों पर कैमरे लगे होना सामने नहीं आये है। अब तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वाहन और चालक का पता लगाने के प्रयास किये जायेगें। घटनाक्रम के दौरान सामने आया था कि मृतक खंडवा से एम्पीरियल होटल में आयोजित शादी में सवारी लेकर आया था। वह पैदल रोड क्रास कर रहा था उसी दौरान वाहन ने कुचला था। मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान की गई थी। परिवार के आने पर उसका अंतिम संस्कार उज्जैन में कराया गया था।

### पेड़ काटने की बात पर 3 भाईयों पर जानलेवा हमला

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम जोडमा विरभान में हाकमसिंह पिता मदनसिंह 58 साल उसके छोटे भाई धर्मेन्द्रसिंह 43 साल और अर्जुनसिंह 40 साल पर गांव में रहने वाले सोहनसिंह के पुत्रों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीनों भाईयों के हाथ-पैर फैक्चर हो गये। तीनों का उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। मामले की जानकारी लगने पर राघवी पुलिस अस्पताल पहुंची और घायलों के बयान दर्ज किये। इस दौरान सामने आया कि घायल भाईयों का खेत और हमला करने वालों का खेत पास-पास है। घायल भाईयों ने अपने खेत की कांकड पर लगे पेड़ काटे थे। उसी दौरान सोहनसिंह के पुत्र कमलसिंह, सौदानसिंह, ईश्वरसिंह, कालूसिंह, भगवानसिंह, महेशसिंह अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ पहुंचे और पेड़ अपनी जमीन में लगे होना बताकर विवाद करने लगे। कहासुनी बढ़ने पर सभी ने तीनों भाईयों पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में धारा 115 (2), 296, 351 (3), 191 (2), 191 (3) का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

### महिला को ट्राली बेग, युवक का लेपटॉप हुआ चोरी

**उज्जैन।** ट्रेनों में यात्रियों के साथ होने वाली वारदातों में मंगलवार को 2 ओर वारदात सामने आई। इटारसी की रहने वाली नविता बुंदेला नर्मदा एक्सप्रेस से इंदौर की यात्रा कर रही थी। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने से पहले अज्ञात बदमाश उसका ट्राली बेग चोरी कर ले गये। जिसमें 2 हजार रुपए नगद, कक्षा 10-12 वीं की मार्कशीट और कपड़ों के साथ अन्य सामान रखा हुआ था। दूसरी वारदात गुजरात के बलसाड़ में रहने वाले दिनेश प्रजापति के साथ अहमदाबाद-कलकत्ता ट्रेन में हुई। वह गुजरात लौट रहा था। इस बीच ट्रेन के कटनी पहुंचने पर उसका बेग अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गये। जिसमें लेपटॉप रखा हुआ था। नविता बुंदेला की शिकायत पर जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं दिनेश के साथ हुई वारदात का मामला जीरो पर दर्ज कर जांच के लिये कटनी भेजा जायेगा। हर दिन ट्रेनों यात्रियों के साथ सामान, मोबाइल चोरी होना सामने आ रहा है। लेकिन कुछ मामलों में ही पुलिस बदमाशों का पता लगा पा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 699-4 | 469-5 |
| मेन बाजार | 990-8 | 246-2 |
| मिलन डे | 200-2 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 280-0 | 349-6 |

2 6 0

### ट्रेवल्स गोडाउन में चोरी के बाद पुलिस ने देखे 72 कैमरे

# 45 मिनट में की चोरी, 2 घंटे में पकड़ाया बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





ट्रेवल्स गोडाउन में सोमवार-मंगलवार रात चोरी करने वाला बदमाश पुलिस को खबर मिलने के बाद 2 घंटे में पकड़ा गया। इस दौरान पुलिस ने 72 कैमरों के फुटेज देखे। बदमाश गुना भागने की फिराक में था, जो पारदी गिरोह का सामने आया है। उसने 45 मिनट में चोरी को अंजाम दिया था।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि सुबह 10 बजे के लगभग खबर मिली थी कि दूध तलाई क्षेत्र में अशोक एवं जयपुर ट्रेवल्स के गोडाउन में रात को चोरी की वारदात हुई है। तत्काल मौके पर पहुंच जांच शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि बदमाश छत के रास्ते से गोडाउन में आया था। वहां लगे कैमरे में उसका चेहरा भी दिखाई दिया। तत्काल प्रधान आरक्षक नागेन्द्र, समित और आरक्षक विनोद के साथ मनीष की टीम बनाई गई। मनीष और नागेन्द्र ने कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। आसपास के होटलों और दुकानों पर लगे करीब 72 कैमरे देखे गये। वहीं सुमित और विनोद ने चामुंडा माता चौराहा, बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन के आसपास कैमरे में दिखे बदमाश की तलाश शुरू की। चामुंडा माता चौराहा पर बदमाश की पहचान हो गई और जानकारी सामने आई कि रेलवे स्टेशन की ओर गया है। टीम ने रेलवे स्टेशन पर खोजबीन अभियान चलाया। इस दौरान मालगोदाम के पास उक्त बदमाश हाथ में बेग लेकर जाता दिखाई दिया। उसे हिरासत में लिया और बेग जप्त किया। जिसमें सिक्के और 20 के नोट की गड्डी रखी थी। बदमाश को थाने लाया गया और पूछताछ शुरू की तो उसका नाम अशोक पिता भेरूलाल पारदी निवासी गुना सामने आया। उसके पास से 1, 2, 5, 10 और 20 के सिक्के 7 हजार 890 और 7 हजार 240 रुपए 20 के नोट बरामद हो गये। कुल 15 हजार 130 रुपए की चोरी का खुलासा 2 घंटे में हो गया।

#### गुना भागने की तैयारी में था बदमाश

थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश गुना भागने की तैयारी में था, उससे पहले पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है। फिलहाल बदमाश से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बदमाश वर्तमान में चामुंडा माता चौराहा फुटपाट पर निवास कर रहा था और मजदूरी करने के साथ मंदिर समिति की ओर से मिलने वाला भोजन कर रहा था। आरोपी नशा करने का आदी है। गुना पुलिस से संपर्क कर उसका अपराधिक रिकार्ड पता किया जा रहा है। बुधवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

# फ्लैग मार्च के साथ मालीपुरा में शांति समिति की बैठक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवासगेट थाना पुलिस की टीम ने मंगलवार देर शाम क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया और मालीपुरा क्षेत्र में शांति समिति की बैठक आयोजित की। एसआई राधेश्याम आवलिया ने बताया कि थाना प्रभारी अनिला पाराशर के नेतृत्व में आगामी होली-रंगपंचमी के साथ मालीपुरा में होने वाले कवि सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में भ्रमण किया गया और बैठक के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठजनों से चर्चा कर शांति-सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।

# आदेश का पालन नहीं करने पर निरस्त कराई अग्रिम जमानत

### आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर चोरी किया था डंपर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

डंपर चोरी के मामले में अग्रिम जमानत करने वाले आरोपी द्वारा न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने और पुलिस के समक्ष पेश नहीं होने पर पुलिस द्वारा आरोपी की जमानत निरस्त कराई गई है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 12 नवम्बर 2022 को मंगलनाथ पथ बड़नगर में रहने वाले राजेश पिता जगदीशचंद्र चौधरी ने अथर्व पेट्रोल पंप डायवर्सन मार्ग से रात में टाटा कंपनी का डंपर क्रमांक एमपी 13 एच 0738 चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर 13 दिन बाद गुरप्रित पिता लेवरसिंह, विक्की उर्फ विक्रम पिता कमल सिंह राजपुत अहमदाबाद गुजरात, हरीश पिता बालाराम जाट जोधपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर डंपर बरामद कर लिया गया था। तीनों ने अपने साथी ओमप्रकाश पिता शंभुराम निवासी इटावदा मेडता थाना पादुकलां जिला नागौर (राजस्थान) चोरी करना कबूल किया था। गिरफ्त में आये तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया था। सालभर बाद फरार ओमप्रकाश ने न्यायालय से अग्रिम जमानत करा ली थी। न्यायालय द्वारा आरोपी को बंधपत्र पेश करने और चोरी में प्रयुक्त सफारी गाडी क्रमांक जीजे 02 डीएम 6021 पुलिस के समक्ष पेश करने का आदेश दिया था। लेकिन जमानत मिलने के बाद आरोपी ने न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया और पुलिस के समक्ष पेश होकर गाड़ी नहीं सौंपी। जिसके चलते न्यायालय को अवगत कराया गया और आदेश का उल्लंघन करने की जानकारी दी गई। न्यायालय द्वारा मामले में संज्ञान लेकर आरोपी को दी गई अग्रिम जमानत निरस्त कर दी। थाना प्रभारी के अनुसार अब पुलिस उसकी गिरफ्तारी कर गाड़ी को जप्त करेगी।



### इंदौर से ट्रेन में आये थे, चोरी के बाद बस से भागे

# कृष्णा परिसर में हुई चोरी का खुलासा, रिमांड पर 2 आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मुम्बई गये परिवार के मकान में हुई चोरी को इंदौर के बदमाशों ने अंजाम दिया था। एक माह बाद पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार कर पांच लाख के आभूषण रिकवर किये है। बदमाश ट्रेन से उज्जैन आये थे और चोरी के बाद बस से भागे थे। बदमाशों से रिमांड पर पूछताछ जारी है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि कृष्णा परिसर में रहने वाले विपिन कुमार पिता स्व. बाबूराव ढोणे 17 जनवरी को परिवार के साथ रिश्तेदारी में मुम्बई गये थे। 26 जनवरी को वापस लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला था। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। बदमाशों के इंदौर की ओर भागना सामने आया। पुलिस टीम ने इंदौर में भी कैमरों के फुटेज देखे। करीब सौ कैमरों के फुटेज देखने के बाद बदमाशों की पहचान हो गई। उनकी गिरफ्तारी के लिये तकनीकी साक्ष्यों की मदद सायबर सेल से ली गई। एक माह बाद इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र के छोटा बांगड़दा तालाब के पास से तरूण पिता विष्णु वर्मा 19 साल और अमन पिता संतोष पाल 20 साल निवासी टिंगरिया बादशाह विशाल पैलेस कालोनी बाणगंगा इंदौर को हिरासत में लिया गया। उनकी निशानदेही पर सोने के 2 कंगन, 1 नेकलेस, 2 टॉप्स, 1 सोने की टूसी, 1 नथ, 4 चांदी की पायल, 8 बिछिया कीमत 5 लाख रुपए बरामद की गई। दोनों को गिरफ्तार करने में एसआई सुरेश कलेश, प्रधान आरक्षक राजेश सोलंकी, प्रेम सभरवाल (सायबर सेल) आरक्षक कृष्णकांत शर्मा दुलेसिंह और अनिल हाड़ा का सहयोग रहा। बदमाशों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

**नशा करने के आदी है दोनों बदमाश-** पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों बदमाश नशा करने के आदी है। शौक पूरा करने के लिये चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों महाकाल दर्शन के बहाने ट्रेन से उज्जैन आये थे और रामघाट तक पहुंचे थे, लेकिन उन्होने ना तो दर्शन किये और ना ही रामघाट पर नहान किया। दोनों पैदल कृष्णा परिसर तक पहुंचे थे और रैकी करने के बाद सूना मकान देख दिन में ही वारदात कर बस से इंदौर भाग निकले थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com